


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 286 | ग्वालियर, गुरुवार 19 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज ट्रैक

### कांग्रेस में हार पर तकरारः अधीर रंजन का कपिल सिब्बल को दो टूक जवाब, कहा- दिक्कत है तो दूसरी पार्टी कर सकते हैं ज्वाइन

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के साथ 11 राज्यों के उपचुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद पार्टी में घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल के आत्मविश्लेषण वाले बयान पर पलटवार करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें नई पार्टी बना लेने या दल बदल लेने को कह दिया है। अधीर रंजन चौधरी ने दो टूक कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को यदि लगता है कांग्रेस सही पार्टी नहीं है तो वह नई पार्टी बना लें या फिर किसी और पार्टी में जाने के लिए आजाद हैं। चौधरी ने कहा, वह (सिब्बल) एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं और उनकी पार्टी के बड़े नेताओं तक पहुंच है। सार्वजनिक रूप से इस तरह की शर्मनाक टिप्पणी करने की बजाय वह उनके साथ इन मुद्दों को उठा सकते हैं। यदि उन्हें लगता है कि कांग्रेस सही जगह नहीं है तो वह नई पार्टी बना सकते हैं या नई पार्टी को ज्वाइन करने को स्वतंत्र हैं। चौधरी ने कहा, यदि वह बिहार और मध्य प्रदेश गए होते तो वह साबित कर सकते थे कि उनका कहना ठीक है और उन्होंने कांग्रेस को मजबूत किया। बिना कुछ किए बोलने के मतलब आत्मविश्लेषण नहीं होता है। कांग्रेस में चौधरी अभी अकेले नहीं हैं, जिन्होंने सिब्बल पर निशाना साधा है। उनसे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सिब्बल पर पलटवार किया था। गहलोत ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को पार्टी के आंतरिक मुद्दों पर मीडिया में नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इससे देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को दुख पहुंचा है। कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि बिहार चुनाव में हार के लिए पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है क्योंकि इसकी जिम्मेदारी प्रदेश इकाई की है। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने भी सिब्बल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनके साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ लड़ाई लड़ें। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने सिब्बल पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, जब समय अच्छा था तो आप संगठन को ज्ञान देने वाले मंत्री थे, लेकिन तब भी राहुल गांधी जी न प्रधानमंत्री बने और न मंत्री। उस दौरान भी वह युवा कांग्रेस जैसे कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों को मजबूत कर रहे थे।


### कांग्रेस में हार पर तकरारः अधीर रंजन का कपिल सिब्बल को दो टूक जवाब, कहा- दिक्कत है तो दूसरी पार्टी कर सकते हैं ज्वाइन

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के साथ 11 राज्यों के उपचुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद पार्टी में घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल के आत्मविश्लेषण वाले बयान पर पलटवार करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें नई पार्टी बना लेने या दल बदल लेने को कह दिया है। अधीर रंजन चौधरी ने दो टूक कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को यदि लगता है कांग्रेस सही पार्टी नहीं है तो वह नई पार्टी बना लें या फिर किसी और पार्टी में जाने के लिए आजाद हैं। चौधरी ने कहा, वह (सिब्बल) एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं और उनकी पार्टी के बड़े नेताओं तक पहुंच है। सार्वजनिक रूप से इस तरह की शर्मनाक टिप्पणी करने की बजाय वह उनके साथ इन मुद्दों को उठा सकते हैं। यदि उन्हें लगता है कि कांग्रेस सही जगह नहीं है तो वह नई पार्टी बना सकते हैं या नई पार्टी को ज्वाइन करने को स्वतंत्र हैं। चौधरी ने कहा, यदि वह बिहार और मध्य प्रदेश गए होते तो वह साबित कर सकते थे कि उनका कहना ठीक है और उन्होंने कांग्रेस को मजबूत किया। बिना कुछ किए बोलने के मतलब आत्मविश्लेषण नहीं होता है। कांग्रेस में चौधरी अभी अकेले नहीं हैं, जिन्होंने सिब्बल पर निशाना साधा है। उनसे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सिब्बल पर पलटवार किया था। गहलोत ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को पार्टी के आंतरिक मुद्दों पर मीडिया में नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इससे देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को दुख पहुंचा है। कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि बिहार चुनाव में हार के लिए पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है क्योंकि इसकी जिम्मेदारी प्रदेश इकाई की है। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने भी सिब्बल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनके साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ लड़ाई लड़ें। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने सिब्बल पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, जब समय अच्छा था तो आप संगठन को ज्ञान देने वाले मंत्री थे, लेकिन तब भी राहुल गांधी जी न प्रधानमंत्री बने और न मंत्री। उस दौरान भी वह युवा कांग्रेस जैसे कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों को मजबूत कर रहे थे


### पश्चिम बंगाल में बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या, पार्टी ने टीएमसी पर लगाया आरोप

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की बुधवार सुबह उत्तरी बंगाल के कूच बिहार जिले के तुफानगंज में अस्पताल में मौत हो गई। बीजेपी का यह कार्यकर्ता दो समुदायों के बीच हुई झड़प में घायल हुआ था। भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह पार्टी के कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी ने की है हालांकि उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। मृतक कालाचंद कर्मकार भाजपा में एक पोलिंग बूथ स्तर के सचिव थे। भाजपा की कूच बिहार जिला इकाई के अध्यक्ष मालती रवा रे ने आरोप लगाया है कि कर्मकार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अपराधियों ने मारा है। रे ने कहा कि दो स्थानीय निवासी बिप्लब कर्मकार और परिमल बर्मन घायल हुए थे, जब उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ता को बचाने की कोशिश की थी। बीजेपी के दोनों कार्यकर्ता तुफानगंज अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को नियमित रूप टाइगेट किया जा रहा है। तुफानगंज पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वह मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं है। उन्होंने बताया कि दो समुदायों के बीच झगड़ा हुआ था, जिन्होंने काली पूजा का आयोजन किया था।

## पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को हराने के लिए कैसे काम कर रही बीजेपी ?

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने राज्य के 83 प्रतिशत मतदान केंद्रों तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। अगले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के लगातार राज्य के दौरे से जहां कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा वहीं इससे पार्टी के पक्ष में माहौल भी बनेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित भाजपा ने अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने इस बार चुनाव में एई बार बांग्ला, पारले सामना (अब बंगाल की बारी है, रोक सको तो रोक लो) का नारा दिया है।



घोष ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का दमखम समाप्त हो चुका है वहां इस बार के चुनाव में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की सीधी टक्कर है। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के कई नेता वहां घुटन महसूस कर रहे हैं और स्वतंत्रता के लिए ऑक्सीजन की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है जिसके पास कई सारे ऑक्सीजन सिलिंडर हैं।

**राज्य को पांच क्षेत्रों में बांटा**–घोष ने बताया कि चुनाव अभियान के प्रभावी प्रबंधन के लिए भाजपा ने स्थानीय मुद्दों और उनकी विशेषताओं के अनुरूप राज्य को पांच क्षेत्रों में बांटा है। इनमें मेदिनीपुर, उत्तर बंगाल, कोलकाता, नबद्वीप और रढ़ बंगा (दक्षिण पश्चिम जिलों) शामिल है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने राज्य में अपने दायरे का विस्तार करते हुए कुल 78,000 में से 65,000 मतदान केंद्रों तक अपनी पहुंच बना ली है। उन्होंने कहा कि शाह और नड्डा सहित अन्य केंद्रीय नेता हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, अमित शाह जी के हर महीने दौरा करने की संभावना है और उनकी उपस्थिति से कार्यार्कताओं का उत्साहवर्धन होगा। भले ही राज्य विधानसभा में भाजपा की मौजूदगी बेहद कम है लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और वामपंथी दलों को पीछे छोड़ते हुए भाजपा बंगाल में एक प्रमुख ताकत के रूप में उभरी। उसने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में 18 पर जीत दर्ज की थी। तृणमूल कांग्रेस को 22 सीटें मिली थीं।

### सिर्फ मेवालाल नहीं, नीतीश के 14 में से

## 6 मंत्रियों के खिलाफ दर्ज हैं गंभीर आपराधिक केस

**पटना।** बिहार की नई नवेली नीतीश कुमार सरकार में शिक्षा मंत्री बने डॉ मेवालाल चौधरी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण निशाने पर हैं। बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति रहते समय मेवालाल चौधरी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे और उनपर एफआईआर भी दर्ज हुई थी। इसके बाद जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से उन्हें निलंबित कर दिया गया था। हालांकि नीतीश कुमार की कैबिनेट में सिर्फ मेवालाल चौधरी ही दागी नहीं हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और इलेक्शन वॉच के अध्ययन के अनुसार, नीतीश कैबिनेट के 14 मंत्रियों में से आठ (57 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं छह (43 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आपराधिक मामलों वाले 8 मंत्रियों में से बीजेपी के 4, जेडीयू के 2 और हम व वीआईपी के एक-एक शामिल हैं। हालांकि, चौधरी को मंत्रिमंडल में शामिल करते ही हंगामा शुरू हो गया। 2017 में चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे मिलने से भी इनकार कर दिया था।

मेवालाल चौधरी का नाम बीएयू भर्ती घोटाले में सामने आया था और राजभवन के आदेश से उनके खिलाफ 161 सहायक प्रोफेसर और कनिष्ठ वैज्ञानिकों की नियुक्ति के मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बता दें कि 12.31 रुपए की घोषित संपत्ति के साथ



चौधरी सबसे अमीर मंत्री हैं। वहीं, 14 मंत्रियों की औसत संपत्ति 3.93 करोड़ रुपए है। मेवालाल चौधरी ने अपने शपथ पत्र में आईपीसी के तहत एक आपराधिक मामला और चार गंभीर मामले घोषित किए हैं। पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री मुकेश सहनी ने पांच आपराधिक मामलों और गंभीर प्रकृति के तीन मामलों की घोषणा की है। बीजेपी के जिबेश कुमार ने भी पांच आपराधिक मामलों और गंभीर प्रकृति के चार मामलों की घोषणा की है। वहीं पांच अन्य हैं जिनके खिलाफ अलग-अलग प्रकृति के आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरजेडी सांसद और पार्टी प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि शिक्षा मंत्री के रूप में मेवालाल चौधरी का चुनाव यह बताने के लिए काफी है कि मुख्यमंत्री की स्थिति कमजोर हो चुकी है और बिहार चुनाव नतीजों के बाद हार गया है। उन्होंने कहा कि 2017 में महागठबंधन से अलग होने वाले नीतीश कुमार अब भ्रष्टाचार के मुद्दे पर नैतिक बढ़त नहीं ले सकते हैं। यह सरकार के लिए विधानसभा में एक बड़ी शर्मिंदगी का विषय है। इस मामले पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में एक फरार आरोपी को शिक्षा मंत्री बनाया गया है। हालांकि अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता पर नीतीश कुमार का प्रवचन आगे भी जारी रहेगा।

### राजस्थान में दो दिन बाद हो सकता है चक्काजाम! निजी स्कूलों का धरना प्रदर्शन 8 वें दिन भी जारी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में निजी स्कूल संचालकों का धरना बुधवार को आठवें दिन भी जारी रहा। शहीद स्मारक पर चल रहे इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से निजी स्कूल संचालक बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि सरकार ने दो दिन में उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो वह पूरे प्रदेश में चक्काजाम करेंगे और आंदोलन को और तेज करेंगे। निजी स्कूल संचालकों ने इस दौरान शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जाने की भी मांग की। उनका कहना था कि स्कूल शिक्षा को धंधा कहने वाले अपने बयान को लेकर उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

## गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का 77 साल की उम्र में निधन, पीएम मोदी-अमित शाह ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का बुधवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने शोक व्यक्त किया है। मृदुला सिन्हा गोवा की पहली महिला राज्यपाल थीं। बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मीं सिन्हा विख्यात हिंदी लेखिका होने के साथ-साथ बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री भी रही थीं। गोवा की पूर्व राज्यपाल के निधन पर शोक जताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, श्रीमती मृदुला सिन्हा जी को जनता की सेवा के लिए किए गए उनके प्रयासों के चलते याद किया जाएगा। वह एक कुशल लेखिका भी थीं, जिन्होंने साहित्य के साथ-साथ संस्कृति की दुनिया में भी व्यापक योगदान दिया। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदना। शांति। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, गोवा की पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ बीजेपी नेता मृदुला सिन्हा जी का निधन बहुत दुःखद है। उन्होंने जीवन पर्यन्त राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए काम किया। वह एक निपुण लेखिका भी थीं, जिन्हें उनके लेखन के लिए भी सदैव याद किया जाएगा। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ? शान्ति।

### ब्रिटेन सरकार ने उठाया बड़ा कदम, साल 2030 से

## पेट्रोल-डीजल से चलने वाली कारों की बिक्री पर लगाने जा रहा बैन

**लंदन।** वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए ब्रिटेन सरकार जल्द ही बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार ने ऐलान किया है कि साल 2030 के बाद ब्रिटेन में डीजल और पेट्रोल कारों की बिक्री नहीं हो सकेगी। इसके साथ ही सरकार ने दावा किया है कि इस फैसले से ब्रिटेन में तकरीबन ढाई लाख रोजगार के मौके भी पैदा हो सकेंगे।



ब्रिटेन सरकार की पेट्रोल-डीजल कारों पर बैन लगाने की योजना पहले 2040 में लागू होनी थी, लेकिन अब इसे प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के 10 सूत्रीय योजना के तहत कर दिया गया है। यह योजना क्लाइमेट चेंज को लेकर है। वर्तमान समय में ब्रिटेन की सड़कों पर एक फीसदी से भी कम कारें पूरी तरह से इलेक्ट्रिसिटी से चलती हैं, तो ऐसे में प्रधानमंत्री जॉनसन की योजना के आवश्यक बुनियादी ढांचे को पूरा करने के लिए भारी निवेश की जरूरत होने वाली है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का दावा है कि ग्रीन इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन के लिए बनाई गई उनकी योजना से ढाई लाख नौकरियां भी पैदा होंगी। सरकार ने कहा है कि वह इस पूरी योजना पर 12 बिलियन खर्च करने जा रही है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, हमारी ग्रीन इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन स्कॉटलैंड और नॉर्थ ईस्ट की विंड टरबाइनों से संचालित की जाएगी, जो मिडलैंड्स में बनाए गए इलेक्ट्रिक वाहनों से प्रेरित है और वेल्स में विकसित लेटेस्ट टेक्नोलॉजी द्वारा डेवलप की गई है। इस वजह से हम अधिक समृद्ध और हरियालीपूर्ण भविष्य की कामना कर सकते हैं। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने आगे कहा, हमारी 10-सूत्रीय योजना से हजारों ग्रीन रोजगार उत्पन्न होंगे। इसके साथ ही देश को साल 2050 तक शून्य उत्सर्जन बनाने में मदद मिलेगी।

## 1857 की जंग-ए-आजादी की सबसे बड़ी आहुति

### खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी




**अंजलि सिंह**
पत्रकार, ग्वालियर


झांसी से कालपी होते हुए रानी लक्ष्मीबाई दूसरे विद्रोहियों के साथ ग्वालियर आ गई थीं। लेकिन कैप्टेन ह्यूरोज की युद्ध योजना के चलते आखिरकार रानी लक्ष्मीबाई घिर गईं। शहर के रामबाग तिराहे से शुरू हुई आमने-सामने की जंग में जख्मी रानी को एक गोली लगी और वह स्वर्णरेखा नाले के किनारे शहीद हो गईं।

**ग्वालियर में हुई पहली जंग-ए-आजादी की सबसे बड़ी आहुति**–भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ी गई 1857 की जंग में सबसे बड़ी आहुति ग्वालियर में ही हुई थी। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की शहादत इसी शहर में हुई थी। शहादत के सम्मान की रक्षा के लिए भी जंग लड़ी गई और इसके बाद आजादी की पहली जंग कमोबेश ठंडी पड़ गई थी। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की शहादत के बारे में लिखते हुए रानी के ही दरबार के एक ब्राह्मण विष्णुभट्ट गोडसे ने अपनी किताब 'माझ-प्रवास' मे कहा है कि रानी ग्वालियर की जंग जीत सकती थीं, लेकिन पेशवा नाना साहब की अदूरदर्शिता और तात्या की हड़बड़ाहट ने इतिहास बदल दिया.

**रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को सैल्यूट**–ह्यूरोज की घेराबंदी, विद्रोहियों के नेतृत्व की अदूरदर्शिता और संसाधनों की कमी के चलते रानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों की रणनीति में घिर गईं थीं। ह्यूरोज ने पत्र लिख कर रानी से एक बार फिर समर्पण करने को कहा। जवाब में रानी अपनी विश्वस्त सेना के साथ किला छोड़ मैदान में उतर आई। रणनीति थी कि एक और से तात्या की सेना ब्रिगेडियर स्मिथ की टुकड़ी को घेरेगी तो दूसरी ओर से रानी लक्ष्मीबाई। लेकिन तात्या वही नहीं पहुंच सके और रानी स्मिथ व ह्यूरोज के बीच घिर गईं। लड़ते हुए गोली लगने और जंग के पुराने जख्मों के चलते शहर के मौजूदा रामबाग तिराहे से नौगजा रोड़ पर आगे बड़ते हुए स्वर्ण रेखा नाले के किनारे रानी का नया घोड़ा अड़ गया। चारों तरफ से घिरी रानी जख्मों से भरे शरीर में एक गोली लगने से मूर्छित सी होने लगीं। इसी बीच एक तलवार ने उसके सिर को एक आंख समेत अलग कर दिया, और रानी शहीद हो गईं। उनके शरीर को बाबा गंगादास की शाला के साधु, झांसी की पठान सेना की मदद से शाला में ले आए, यहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन रानी की वीरता देख कर खुद ह्यूरोज ने जंग के मौदान में और अपनी ऑफिसियल डायरी में भी लक्ष्मी बाई को सैल्यूट किया।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# फूड सेफ्टी विभाग ने मिष्ठान भंडार से पनीर और दूध डेयरी से दूध का सैंपल भरा

**पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी जिले में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देश पर फूड सेफ्टी और राजस्व विभाग के अमले द्वारा खाद्य पदार्थो की जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को फूड सेफ्टी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बैराड़ नगर में खाद्य पदार्थों की जांच को लेकर बुधवार की दोपहर चेकिंग अभियान चलाया.टीम ने बैराड़ से शिव मिष्ठान भंडार की दुकान से पनीर एवं मनीष दूध डेयरी की दुकान से दूध का सैंपल लिया, जो जांच के लिए लैब भेजा जाएगा.बुधवार को फूड़ इंस्पेक्टर आशुतोष मिश्रा,बैराड़ तहसीलदार आरके जोशी की टीम ने सबसे पहले नगर के माता रोड़ के पास स्थित राजकुमार अग्रवाल की शिव मिष्ठान भंडार की दुकान से पनीर का सैंपल भरा इसके बाद पुराने बैराड़ रोड़ के सामने राम चरण गुप्ता की मनीष दूध डेयरी से दूध का सैंपल लिया, युक्त सैंपल जांच के लिए भोपाल लैब भेजे जाएंगे जहां से सैंपल रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी.

**फूड सेफ्टी विभाग के आने की सूचना मिलते ही किराना होटल और दूध डेयरी की दुकानें हो गई बंद-** बुधवार को नगर में फूड सेफ्टी विभाग की टीम की औचक छापा मार कार्रवाई से नगर में खाद्य पदार्थ व्यवसायियों किराना,होटल,और दूध डेयरी के दुकानदारों में खलबली मच गई. फूड सेफ्टी विभाग की टीम के आने की सूचना होटल, दूध डेयरी और किराना व्यवसायियों को पहले ही मिल चुकी थी जिस कारण अधिकांश दुकानदार बाजार में अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए.वहीं फूड सेफ्टी विभाग की इस कार्रवाई पर लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन दीपावली के बाद अब जाकर खाद्य विभाग को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का ध्यान आया है.लेकिन वह भी महज खानापूर्ति में बदल जाता है.

# थाना प्रभारी फूप मय टीम के दबिश देकर आरोपी गणों को गिरफ्तार किया







**ब्रजेश भदौरिया रिपोर्टर**

**फूप /** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड एवं एसडीओपी महोदय अटेर के निर्देशन में दिनांक 15 .11.20 को टोल प्लाजा बरही पर एक कार सवार के साथ हमला कर मारपीट एवं कार के शीशे तोड़ने की घटना के फरार आरोपी गणों को दो दिवस पश्चात ही मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि घटना के फरार आरोपी कहीं बाहर जाने की फिराक में बरही जैन मंदिर के पास खड़े हैं मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी फूप मय टीम के दबिश देकर आरोपी गणों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार सुदा आरोपी गणों के नाम निम्नानुसार है 1. राहुल सिंह उर्फ पोड़े पुत्र योगेंद्र सिंह भदौरिया उम्र 22 साल 2. बिट्टू उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र किशोर सिंह भदौरिया उम्र 28 साल 3. अंकित पुत्र छोटे सिंह भदोरिया उम्र 22 साल निवासी गढ़ ग्राम रानीपुरा को बरही जैन मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना फूप उप निरीक्षक रविंद्र सिंह तोमर ,एएसआई रघुवीर सिंह प्रधान आरक्षक हाकिम सिंह प्रधान आरक्षक 386 अजय कुमार आरक्षक 19 अंकित आरक्षक 309 अभिषेक 1089 कमलेश की अहम भूमिका रही।

# महिला एवं बालिकाओं संबंधी अपराधों में करें त्वरित कार्यवाही

## एटा पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज ने किया जनपद एटा भ्रमण

आज दिनांक 18.09.2020 को पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़



परिक्षेत्र अलीगढ़ श्री पीयूष मोर्डिया द्वारा जनपद आगमन पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर सलामी लेने के पश्चात पुलिस लाइन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज अलीगढ़ द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे महिला एवं बालिकाओं संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करें, थाने पर आने वाले प्रत्येक फ़रियादी से नम्र व्यवहार बरतें तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं सम्यक निराकरण करें। लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण करने के साथ ही उनकी मोनिटरिंग भी की जाए। इसके अतिरिक्त टॉप10 अपराधियों के विरूद्ध शत-प्रतिशत कार्यवाही, जघन्य मामलों में त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री राहुल कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## रामलाल सेणचा ने दीपोउत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय किसान सेवा समिती के माध्यम से अहसहाय परिवारो के लिए 5100रूपये देने की घोषणा

**नारायणलाल सैणचा**



**गांधीधाम।** सीरवी समाज के रत्न कहे जाने वाले, गरीबों के महीसा ओर हमेशा समाज के लिए हर शेत्र में सेवा के लिए तैयार रहने वाले दानवीर भामाशाह रामलाल सेणचा गुजरात गांधीधाम वालो की ओर से राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के माध्यम से दीपावली के शुभ अवसर पर उन अहसाय परिवारों के लिए 5100 रुपये देने की घोषणा ओर कहा कि हम सबको मिलकर सीरवी समाज के जितने भी अहसाय परिवार के प्रतिभाओ को शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य ओर अहसाय परिवारों को सहयोग के रूप में सहायता प्रदान कर किसी भी शेत्र में वंचित ना रहे । समाज का विकास हो। क्योंकि आज भी बहुत से ऐसे परिवार है जो हर शेत्र में पिछड़े हुए हैं उनको आगे लाना हम सब का कर्तव्य व दायित्व बनता है। जरूर हम सभी संस्थान मिलकर एक दूसरे का सहयोग कर उन अहसाय परिवारों के लिए सहयोग करेंगे तो जरूर सामाजिक स्तर पर अच्छा विकास होगा और आने वाले समय मे वो परिवार भी हर शेत्र में आगे बढ़कर सक्षम होंगे। राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति परिवार की ओर से रामलाल सेणचा का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित करती हैं व आभार भी। आपने जो ये राशि घोषणा की जरूर हम उन अहसाय परिवारों तक पहुंचाने की चेष्टा जल्द ही करेंगे आगे भी आपका मार्गदर्शन की अपेक्षा करेगी ,आपके आशीर्वाद से समिति के माध्यम से उन अहसाय परिवारों का कल्याण हो

## जहरीली शराब के मामले में प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज और बीट सिपाही सस्पेंड

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के खैरगढ़ थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से तीन युवकों की मौत के मामले में पुलिस प्रशासन दोषियों पर गाज गिरा दी है। प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी और बीट सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया है। खैरगढ़ के शेखपुरा गांव की है घटना-खैरगढ़ के शेखपुरा गांव में जहरीली शराब के सेवन से गांव के चाचा-भतीजे संजय उर्फ संजू (37) पुत्र विजय पाल सिंह, नवीचंद्र (35) पुत्र राजेंद्र सिंह और एक अन्य युवक अवधेश कुमार (38) पुत्र फौजदार सिंह की मंगलवार को मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज और बीट सिपाही सस्पेंड-जहरीली शराब के सेवन से हुई तीन मौतों के मामले की एसपी देहात राजेश कुमार ने जांच की।



# जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

**पुष्पांजली टुडे, अंकित कुमार**

औरैया,डीएम अभिषेक ने हरी झंडी दिखाकर सडक सुरक्षा का प्रचार कर वाहनों को किया रवाना। मौके पर सदर विधायक रमेश दिवाकर,आर आई ए आरटीओ औरैया बलवन्त सिंह व कई अधिकारी मौजूद रहे। ज़िला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के भवन से हुई सड़क सुरक्षा की शुरुआत वहीं वाहन स्वामियो को सड़क सुरक्षा के नियमों से भी अवगत कराया और हेलमेट पहनने की भी सलाह दी और कहा आप की जान आपके परिवार के लिए महत्वपुर्ण है इस लिए बिना हेलमेट घर से बाहर न निकले ।

## प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने पुलिस अधीक्षक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

**नारायणलाल सैणचा**



**चैन्नई-** संगठन के प्रदेशाध्यक्ष परम आदरणीय स्वामी तेजानंद महाराज ने तिरुवलुर जिला पुलिस अधीक्षक अरविंदजी आई पी एस से उनके कार्यालय में मिलकर उनको शॉल ओढाकर, मिठाई भेंट कर दीपावली महापर्व की शुभकामनाएं और बधाई दी पुलिस अधीक्षक से मिलने का मुख्य उद्देश्य कुछ दिन पहले गुमडीपुण्डी क्षैत्र के दो व्यापारी बंधुओं मारुती ज्वैलर्स और मोती तंगामालिगेई जय के साथ तिरुपालीयवनम पुलिस द्वारा रात्रि में की गई अनैतिक और गैरकानूनी कार्यवाही के बारे में जानकारी देना और भविष्य में ऐसी कार्यवाही ना हो.,,इस बात का विश्वास प्राप्त करना था माननीय पुलिस अधीक्षक ने प्रदेशाध्यक्ष महोदय को आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना नहीं होगी। इस लघु कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष महोदय के साथ तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन -तिरुवलुर ईस्ट जिला अध्यक्ष महावीरचंद कटारिया, तिरुवलुर पश्चिम क्षैत्र के अध्यक्ष सुरेश जैन, जिला सचिव नेमाराम जाट और प्रदेश प्रभारी गौतमचन्द जैन भी मौजूद रहे।

# सेकेट्री की मिली भगत से लाखों का घोटाला

**अनिल पाराशर क्राइम रिपोर्टर**

तहसील अटेर ग्राम पंचायत भदाकुर काफी पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है वहां की उपसरपंच महिला हैं लेकिन सरपंच उनको तवज्जो नहीं दे रहे हैं गोपनीय रूप से कार चला रहे हैं सेकेट्री की मिलीभगत से लाखों का घोटाला हुआ है गांव वालों को यह भी पता नहीं है शौचालय बना है कि नहीं लेकिन कागजों में शौचालय बने हुए हैं ना कभी पंचायत भवन में मीटिंग होती है इसकी शिकायत उपसरपंच ने जनपद को दी कलेक्टर को दी इसकी शिकायत का प्रकरण बनाकर जांच कमेटी बनाई गई लेकिन जांच कमेटी भी भ्रष्टाचार की शिकार हो गई सरपंच सेक्रेटरी पैसे के बल पर सारी शिकायतों को दबा दिया जाता है जिला पंचायत सीओ से इस प्रकरण में बात की गई उनका संतुष्ट जवाब नहीं मिला गोल गोल घुमा कर के जवाब दे दिया गया पुष्पांजलि टुडे की टीम जबभदाकुरगांव में गई तो देखा गया कि पंचायत भवन बंद पाया गया सरपंच सिर्फ अपने घर बैठ कर के ही पूरी पंचायत का काम करते हैं गांव वालों का कहना यह है उनके घर पर जाकर के मिलते हैं तो कहने लगते हैं कि घर पर कोई काम नहीं होता गांव वालों की तकलीफ यह है गांव की सड़क नालिया बीपीएल ऐसे छोटे-छोटे कामों के लिए हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं जब जिला पंचायत सीईओ ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो तो सीईओ जिला पंचायत से पुष्पांजलि टुडे की टीम ने बात करना चाहितो उनका गोलमोल जवाब रहा यानी कि भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं क्या मजबूरी है जो कि गांव वाले शिकायत कर रहे हैं उस शिकायत पर जांच कमेटी नहीं बैठा रहे यानी क्लियर कह सकते हैं कि यह गांव भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है नरेला योजना पंच परमेश्वर योजना सड़क निर्माण योजना गांव पूरे 5 साल भी ऐसा ही था और आज भी है इस भदाकुरगांव में ?2 का काम नहीं हुआ है ऐसा देखने से प्रतीत होता है अतः प्रशासन अपनी आंखें खुले ऐसे भ्रष्ट सरपंच और सेक्रेटरी पर कार्रवाई करें



# भगत सिंह फैन्स क्लब ने की गर्म कपड़े दान करने की अपील

**महेंद्र शर्मा**

**मेहगांव।** सर्दियों में कई लोग भयंकर सर्दी में कपड़ों की कमी के कारण बच नही पाते। ऐसे में भगत सिंह फैन्स क्लब के युवाओं ने जनता से अपील की है कि वह अपने पुराने गर्म कपडे और कम्बलों को जरूरतमंदों के लिये दान करें। हम उन कपड़ों को धुलवाकर उन जरूरतमंदों तक पहुंचाएंगे जिन्हें बाकई इन कपड़ों की जरूरत है। भगत सिंह फैन्स क्लब के संस्थापक सचिन भदौरिया ने बताया कि जाड़े के समय मे लोगों के जो गर्म कपड़े छोटे हो जाते है और नए-पुराने कम्बलों को दान करके ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिये हमें दें। हम उन्हें उन जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाकर उनके चेहरों ओर मुस्कुराहट लाएंगे और आप भी उस मुस्कुराहट की वजह बन सकते है। कपड़े दान करने के लिये आप 9617042518 पर सम्पर्क कर दे सकते है। हम आपके पते से उन कपड़ों को मंगा लेंगे।



यातायात जागरुकता माह नवम्बर 2020 के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर/ यातायात श्री राजकुमार सिंह के निकट निर्देशन में समस्त यातायात कर्मियों का आचरण एवं वर्दी धारण करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। शहर के व्यस्त चौराहे पर होर्डिंग्स लगायीं गयी व 7 बैनर लगाये गये 600 पम्पलेट वाँटी गयी एवं फेसबुक व्हाट्सऐप, ट्विटर एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया एवं दैनिक चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों के 105 ई-चालान पर 80300 रुपये जुर्माना किया गया।

# नेचुरोपैथी दिवस पर नि :शुल्क कैम्प का आयोजन



**जम्मू--** नेचुरोपैथी दिवस के उपलक्ष में आज वेद मंदिर स्थित नेचुरोपैथी अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया । इस मौके पर शिवसेना की महिला विंग अध्यक्षता मिनाक्षी छिब्बर एवं महासचिव विकास बख्शी मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष वेद मंदिर सुरेश चन्द्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। शिवसेना नेताओं ने नेचुरोपैथी अस्पताल के ( एच ओ डी ) डॉ कपिल बत्रा एवं उनकी टीम को गरीब एवं असहाय लोगों को निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा सुविधाएं देने पर सम्मानित किया । मिनाक्षी छिब्बर ने प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा आहार, व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर आधारित हैं। जिसके तहत बिना दवा , कई तरह की थैरपी से ईलाज किया जाता है । उन्होंने कहा कि डॉ कपिला बत्रा ने करोना जैसी महामारी का भी काफी कारगर इलाज कर लोगों को राहत पहुंचाई है । वहीं बख्शी ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा जैसे एक्यूपंक्चर, होम्योपैथी, हाइड्रोथेरेपी, शारीरिक जोड़तोड़, जल चिकित्सा, उपवास, व्यायाम और अन्य तौर-तरीकों का उपयोग कर लोगों को बिना दवा एवं चीरफाड़ के कारगर इलाज किया जाता हैं । उन्होंने कहा कि इन पदति के काफी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं , जिससे इस तरह लोगो का विश्वास बढ़ा है । इस मौके पर वेद मंदिर स्थित नेचरोपैथी अस्पताल के चेयर पर्सन पदम श्री वेद घई एवं अध्यक्ष प्रिय भारत समेत डा कपिल बत्रा की पूरी टीम उपस्थित हुईं।

## बैराड़ नगर परिषद चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी के रूप डॉ तुलाराम यादव दिखा सकते है अपनी दावेदारी

**धीरज ओझा**



**बैराड़-**नगर परिषद चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई हैं जिसमें कई चेहरे अब जनता के सामने आने लगे हैं जिसमें उपचुनाव में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत हासिल हुई हैं ऐसे में नगर परिषद में भी भाजपा का अध्यक्ष हो तो शायद क्षेत्र विकास की ओर अग्रसित होगा और केंद्र सरकार के एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल पायेगा जिसमें अभी से दावेदार अपनी दावेदारी जनता के बीच पेश करते नजर आ रहे भले ही अभी अध्यक्ष सीट का आरक्षण नहीं हुआ है।

**डॉ तुलाराम यादव प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ सकते है-**जहां पर गलयारो की चर्चाएं द्वारा बताया गया कि पूर्व में हुए 2014 के चुनाव में भी नगर परिषद क्षेत्र की जनता ने डॉ यादव के पक्ष में मतदान किया एवं निर्दलीय उम्मीदवार होने के बाद भी डॉ यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें डॉ तुलाराम की क्षेत्र में व्यवहारिक स्वच्छ छवि में एक अलग ही पहचान है और और क्षेत्र की जनता के सम्पर्क लगातार बने रहते है डॉ तुलाराम यादव खेल मंत्री एवं शिवपुरी विधायक यशोधरा राजे सिंधिया,केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा पोहरी से लगातार दो बार विधायक रहे पूर्व विधायक प्रहलाद भारती के करीबी माने जाते हैं और टिकिट भी लगभग भाजपा पार्टी के जिताऊ उम्मीदवार को ही अपना प्रत्याशी के रूप में पेश करेगी।

# शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु लोधी अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक हुई सम्पन्न

**रिपोर्टर-ठाकुरदास लोधी**

**पिछोर।** श्रीधायमहादेव लोधी शिक्षा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को जिले के धायमहादेव मंदिर के पास ग्राम नयागांव में लोधी समाज ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने हिस्सा लिया और समाज में शिक्षा का स्तर किस प्रकार बढ़े इस पर चिंतन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सन 1857 की क्रांतिकारी वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी एवं शिक्षा की देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे लोगों ने अपना अपना परिचय दिया इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ गौरीशंकर लोधी,अध्यक्षता अधिकारी कमर्चारी संघ के जिला अध्यक्ष शिक्षक खलकसिंह लोधी ने की एवं विशिष्ट अतिथि में सचिव अजबसिंह लोधी,आलोक सिंह लोधी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ गौरीशंकर लोधी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को



संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए समय समय पर कैरियर काउंसिलिंग आयोजन करना व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जिससे समाज मे शिक्षा का स्तर काफी ऊपर जाएगा और आगे कहा कि बेटियां दो परिवार को संभालतीं हैं और बच्चों की प्रथम गुरु भी माता ही होती है इसलिए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना अति आवश्यक है।

**इनका किया सम्मान**-समिति द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश हेतु संचालित निःशुल्क कोचिंग में जो शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे विनोद गणेशखेड़ा,राहुल धोर्रा, नवल शाजापुर,मनोज एवं पुष्पेंद्र विजयपुर,चंद्रभान वीरा, देवेंद्र,रामकेश रुपेपुर,प्रमोद टोड़ी, बृजेंद्र उमरीकलां एवं कोचिंग संचालित करने के लिए जिन्होंने अपना मकान दिया डॉ.बबलू लोधी आदि को श्रीफल देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा इसी कोचिंग हेतु ऑनलाइन कक्षाओं के लिए प्रोजेक्टर दान करने वाले विजयपुर सरपंच केरन सिंह लोधी को भी सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम उपरांत सभी ने किया भोजन**-आयोजक समिति द्वारा उपस्थित लोगों को भोजन की व्यवस्था की गई जहां कार्यक्रम के बाद सभी ने भोजन किया और अपने अपने गंतव्य को प्रस्थान किया।

**ये रहे कार्यक्रम के आयोजक**-एसआई नीरज लोधी राजापुर,शिक्षक विजयराम लोधी बाचरौंन,शिक्षक दिनेश लोधी भौंती,एसआई अनूप लोधी गजौरा,फौजी प्राणसिंह लोधी नयागांव,स्टेशन मास्टर रामकेश लोधी राजपुर,शिक्षक रामकिशन लोधी ऊमरीकलां,एएसआई केशव लोधी मामोनी खुर्द,सहायक सचिव जितेंद्र लोधी छिरवाहा,भोपाल मंत्रालय में सेवाएं दे रहे रामगोपाल लोधी गढ़ोईया,पुलिस विभाग में पदस्थ निधि लोधी दुल्हई,शिक्षक शिशुपाल सिंह लोधी लभेडा आदि की मुख्य भूमिका रही।

भोपालः कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

# भड़काऊ बयान मामले में कोर्ट से अरेस्ट वारंट जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के इकबाल मैदान में प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ बयान देने के मामले में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मामले में अब स्पेशल कोर्ट ने मसूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। अब तक मामले में आरोपी बनाए गए छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि मसूद की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मंगलवार को राजधानी भोपाल में सांसदों और विधायकों के मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह की अदालत में तलैया पुलिस की ओर से आरोपी आरिफ मसूद के खिलाफ धारा-82-83 (फरारी की उद्घोषणा) के संबंध में आवेदन पेश किया गया था। न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद आरिफ मसूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के आदेश दिए। गौरतलब है कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने के मामले में आरोपी भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को अदालत ने 8 नवंबर को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश



ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए मसूद की अग्रिम जमानत अर्जी नामंजूर की थी।

**क्या था कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का भड़काऊ बयान?**–आरिफ मसूद पर आरोप है कि उन्होंने इकबाल मैदान में हजारों की भीड़ इकट्ठा की और धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला भाषण दिया। मसूद ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्य को भारत में बैठी हिन्दूवादी सरकार सहमति दे रही हैं। मध्य प्रदेश में बैठी हिन्दूवादी सरकार मुस्लिम वर्ग के अपमान को शह दे रहीं है। हिन्दुस्तान की केंद्र व राज्य सरकार कान खोलकर सुन ले, यदि फ्रांस के इस कृत्य का विरोध नहीं किया गया, तो हिंदुस्तान में भी ईंट से ईंट बजा देंगे। तलैया थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया था कि मसूद और उनके समर्थकों के खिलाफ तलैया थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मामले में मसूद थाने से ही जमानत पर रिहा हो चुके हैं। दूसरे मामले में मसूद पर धार्मिक भावनाएं भड़काने की गैर जमानती धारा 153 में केस दर्ज है। सुनवाई में मसूद के वकील ने कहा था कि एक ही मामले में दो एफआईआर दर्ज नहीं हो सकतीं। पहली बार आरिफ मसूद और समर्थकों पर 29 अक्टूबर को तलैया पुलिस ने धारा 188, 269, 279 का अपराध दर्ज किया था, जिसमें आरोपी जमानत पर है।

# जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के लिए आम सभाओं का दौर हुआ शुरू



**पाली.** नरेश कुमार सिरवी. राजस्थान पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 के लिए पाली जिले के संपूर्ण जिला परिषदके प्रत्याशी एवं संपूर्ण पंचायत समिति स्तर के अपने वार्ड के प्रत्याशियों द्वारा अपने अलग-अलग जगह पर आम सभाओं का दौर हुआ शुरू. जिला परिषद वार्ड संख्या 17 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती दुर्गा सीरवी पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 8 श्रीमती भारती कुमावत रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 6 श्रीमती मंजू कवर रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 8 श्रीमती नवरत्न सीरवी संपूर्ण भाजपा प्रत्याशियों द्वारा अपने अलग-अलग वार्ड क्षेत्र के गांवों का दौरा करके आम सभाओं में जनता से अपने पक्ष में मत देने की अपील की जा रही है. पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 12 निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती पूजा ओड रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 श्रीमती विक्रम कंवर राणावत रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 1 कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रेम कंवर राणावत रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संतोष कंवर राजपुरोहित रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 5 कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमान ललित सिरवी रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंपा कवर राजपुरोहित.पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 13 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती इंदिरा सीरवी पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 10 भाजपा प्रत्याशी श्रीमान ओमकार सिंह पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 11 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू बावरी पाली पंचायत समिति वार्ड संख्या 9 भाजपा प्रत्याशी श्रीमान रामलालसंपूर्ण प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ आम जनता के बीच रूबरू होकर अपने पक्ष में मत देने की अपील

जबलपुरः हादसे में घायल महिला को कंधे पर उठाकर अस्पताल भागे एएसआई संतोष

# मुठभेड़ में गंवा चुके हैं एक हाथ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर से एक एएसआई संतोष ने नई मिसाल पेश की है। दरअसल, जबलपुर में मंगलवार को एक भयानक सड़क हादसा हो गया, इस हादसे में करीब 30-35 मजदूर जख्मी हो गए। यह



हादसा चरगवां इलाके में हुआ था। बता दें, यहां पर एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था, ट्रक में सवार मजदूर कोहला से शाहपुरा मटर तोड़ने जा रहे थे। इसी बीच घुघरी के पास मालवाहक मिनी ट्रक पलट गया। मिनी ट्रक में सवार करीब 30 से 35 मजदूर बुरी तरह घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एएसआई एक मुठभेड़ में एक हाथ गंवा चुके हैं।

सभी मजदूरों को स्थानीय पुलिस और लोगों ने मिलकर मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया। हालांकि, अस्पताल के पास घायल मजदूरों को लेकर जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रक मौजूद नहीं थे, जिसके बाद पुलिसवालों ने मजदूरों को कंधे पर लाद कर अस्पताल में पहुंचाया। अब पुलिसकर्मियों की इस बहादुरी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं और लोग पुलिसकर्मियों की खूब तारीफें भी कर रहे हैं। इसी बीच मजदूरों को कंधे पर ले जाते हुए पुलिस अफसर का एक फोटो वायरल हो रहा। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि 57 साल के एएसआई का हाथ टूटा हुआ है, हालांकि, वह फिर भी मजदूरों को अपने कंधे पर उठाकर अस्पताल पहुंचा रहे हैं. हर कोई एएसआई के इस जज्बे को सलाम कर रहा है. बता दें, एसआई का नाम संतोष सेन है। 2006 में हुए मुठभेड़ के दौरान उनका हाथ टूट गया था। वहीं, हादसे के बाद मिनी ट्रक का ड्राइवर और मालिक मल्लू राय मौके से फरार हो गए। अब पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# कम्प्यूटर बाबा को अभी राहत नहीं, 28 नवम्बर तक जेल ही रहेगा ठिकाना

**भोपाल।** कम्प्यूटर बाबा की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले सनातन सुख फिर शासकीय सुख भोगने के बाद बाबा अब जेल से बाहर आने की जद्दोजहद में हैं। 8 नवम्बर से जेल में बंद बाबा की जेल से बाहर आने की सारी कोशिशें फिलहाल असफल होती दिख रहीं हैं। 10 दिन से जेल में बंद बाबा को 9 नवम्बर को अवैध ज़मीन पर आश्रम



बनाने के मामले में जमानत मिल गई है लेकिन इसी दौरान उन पर शासकीय कार्य में बाधा और व्यवदान उतपन्न करने आदि 3 मामलों में केस दर्ज कर जेल में ही रखा गया। इन सब मामलों के खिलाफ बाबा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। जिस पर रविवार को सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अभी सभी प्रकरणों की जांच की जा रही है और बाबा को ज़मानत मिल जाने से इन जांच पर असर पड़ेगा। उसके बाद बाबा को 28 नवम्बर तक के लिए ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। बाबा के साथ उनके 7 सहयोगियों को भी कोर्ट ने जेल में भेज दिया है, जिनमें रामचरण दास, मोनू पंडित, संदीप द्विवेदी आदि प्रमुख हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को कम्प्यूटर बाबा की रिमांड खत्म होने पर इंदौर के एरोड्रम थाने की पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था। हमेशा मीडिया में सुर्खियां बटोरने वाले बाबा से जब इस दौरान मीडिया कर्मियो ने उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कुछ कहने से साफ मना कर दिया।

# छठ पूजा के संबंध में योगी सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छठ पूजा के संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करने के बाद गृह विभाग ने भी जिलों को निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ज्यादातर महिलाओं को प्रेरित किया जाए कि वे छठ पूजा घर पर ही रह कर मनाएं।



# शिवराज सिंह चौहान ने की मध्य प्रदेश में गौ बैकिनेट के गठन की घोषणा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश राज्य में मवेशियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौ कैबिनेट' की स्थापना की जाएगी। इसकी पहली बैठक इस सप्ताह के अंत में होगी।



आपको बता दें कि गौ कैबिनेट में पशुपालन, वन, पंचायत व ग्रामीण विकास, राजस्व, गृह और किसान कल्याण विभाग शामिल होंगे। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि गौ कैबिनेट की पहली बैठक 22 नवंबर को गोपाष्टमी पर दोपहर 12 बजे गौअभयारण्य, आगरमालवा में आयोजित की जाएगी। सीएम शिवराज ने सिलसिलेवार ट्वीट में जानकारी देते हुए लिखा है आज भगवान श्रीव्यंकटेश बालाजी के दर्शन कर प्रभु श्री तिरुपति बालाजी से सभी के कल्याण की प्रार्थना की। भगवान हम सब को सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि प्रदान करें, प्रदेश खुशहाल हो, यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री भारत के पहले गौ अभयारण्य के बारे में बात कर रहे थे जो सितंबर 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। भोपाल के 190 किमी उत्तर पश्चिम में आगर मालवा में कामधेनु गौ अभ्यारण्य, एमपी गौ संवर्धन द्वारा विकसित किया गया था। लगभग 32 करोड़ रुपये खर्च करके बोर्ड। अभयारण्य, जो 472 हेक्टेयर में फैला है, बाद में वित्तीय संकट के कारण निजीकरण किया गया था। इस साल की शुरुआत में, मध्य प्रदेश ने राज्य में सरकारी आश्रयों में 180,000 से अधिक गायों को खिलाने के लिए 11 करोड़ रुपये या 1.6 रुपये प्रति दिन आवंटित किए थे। इसने वित्त वर्ष 2020-21 के वित्तीय वर्ष के बजट में पशुपालन विभाग के आवंटन को पिछले वित्तीय वर्ष में 132 करोड़ रुपये से 11 करोड़ रुपये घटा दिया, 90त्न की कटौती, बजट रिकॉर्ड दिखा।

# जहरीली शराब के मामले में प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज और बीट सिपाही सस्पेंड

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के खैरगढ़ थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से तीन युवकों की मौत के मामले में पुलिस प्रशासन दोषियों पर गाज गिरा दी है। प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी और बीट सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया है।

खैरगढ़ के शेखपुरा गांव की है घटना- खैरगढ़ के शेखपुरा गांव में जहरीली शराब के सेवन से गांव के चाचा-भतीजे संजय उर्फ संजू (37) पुत्र विजय पाल सिंह, नवीचंद्र (35) पुत्र राजेंद्र सिंह और एक अन्य युवक अवधेश कुमार (38) पुत्र फौजदार सिंह की मंगलवार को मौत हो गई थी।

प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज और बीट सिपाही सस्पेंड-जहरीली शराब के सेवन से हुई तीन मौतों के मामले की एसपी देहात राजेश कुमार ने जांच की। इसके बाद अपनी रिपोर्ट एसएसपी सचिंद्र पटेल को सौंप दी। मंगलवार की मध्य रात्रि कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक खैरगढ़ मुस्तकिम अली, हल्का इंचार्ज (चौकी प्रभारी) एसई विजन सिंह और बीट कांस्टेबल संजीव कुमार को सस्पेंड किया है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी का रैकेट चलाने वाले इंजीनियर तक कैसे पहुंची सीबीआई

**चित्रकूट।** 50 बच्चों के यौन शोषण मामले (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) की जांच कर रही सीबीआई ने यूपी के सिंचाई विभाग में तैनात जेई रामभवन को मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपी 'हैवान इंजीनियर' की गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में उजागर हुए तथ्यों की पुष्टि के लिए सीबीआई दोबारा चित्रकूट पहुंची है। सीबीआई को जेई से बरामद मोबाइलों में तमाम पोर्न वीडियो मिले हैं। सीबीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती अब उन बच्चों व उनके परिजनों को तलाश है, जिनके वीडियो मिले हैं। उनके बयान इस केस में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होंगे। सीबीआई को पता चला है कि जेई को करीब आठ साल पहले ऐसी ही शिकायत पर किराए के मकान से भगाया गया था। 2012 में कर्वी में सिंचाई विभाग के पास एक मकान उसने किराए पर लिया था। महीने-डेढ़ महीने बाद ही उसकी करतूतें मकान मालिक तक पहुंच गईं। मकान मालिक ने फौरन उससे मकान खाली करा लिया था। फिलहाल वह एसडीएम कार्यालय के पीछे एक किराए के घर में सात साल से पत्नी दुर्गावती देवी के साथ रह रहा है।

**पड़ोसियों की शिकायत पर हटाया**–अर्जुन सहायक परियोजना महोबा व रसिन बांध परियोजना चित्रकूट का काम देख रहा रामभवन एसडीएम कार्यालय के पीछे की



बस्ती में किराए के घर में रह रहा था। सूत्रों के मुताबिक उसे सिंचाई कॉलोनी में आवास आवंटित था लेकिन वह कॉलोनी के बाहर ही रहा। चित्रकूट में पोस्टिंग के शुरुआती दिनों में उसने आफिस के पास ही सिकरी गांव निवासी कक्कू सिंह का घर किराए पर लिया था। कक्कू सिंह ने बताया कि रामभवन को घर किराए पर देने के कुछ दिन बाद ही पड़ोसियों ने घर में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत की। कक्कू सिंह ने बताया कि पड़ोसियों ने सख्त एतराज किया। बताया कि जेई ने भोजन बनाने के लिए एक महिला को रखा है, उसकी दो बेटियां भी वहां आती-जाती हैं। संदेहजनक हरकतें देखी गई हैं। मैंने डेढ़ माह में ही उससे घर खाली करा लिया था।

**पहली बार दो नवंबर को चर्चा में आया**–वह पहली बार 2 नवंबर को चर्चा में आया, जब सीबीआई की गाजियाबाद शाखा की टीम ने छापा मारा। टीम चार दिन तक चित्रकूट में डेरा डाले रही। पहले दिन सीबीआई अफसरों ने सिंचाई विभाग निर्माण खंड में तैनात सहायक अभियंता राम प्रसाद से जूनियर इंजीनियर रामभवन के बारे में जानकारी ली। उन्हीं के माध्यम से राम भवन को बुलवाया। उसके ड्राइवर अभय को भी पकड़ा। दोनों से पूछताछ की। अगली सुबह टीम ने मंदाकिनी पुल के पास सिंचाई विभाग की कालोनी पहुंच कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। विभागीय लोगों में चर्चा थी कि आठ साल पहले एक महिला की खुदकुशी के मामले में पूछताछ हो रही है। लेकिन अगले दिन चर्चा फैली कि मामला अश्लील वीडियो इंटरनेट पर अपलोड करने का है। चार नवंबर की शाम तमाम कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद सीबीआई टीम राम भवन को लेकर चित्रकूट से रवाना हो गई थी।

# यूपी के 'हैवान इंजीनियर' से पूछताछ के लिए चित्रकूट पहुंची सीबीआई टीम, पत्नी घर से नहीं निकली, दरवाजे बंद

**चित्रकूट।** 50 बच्चों के यौन शोषण मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम के आठ अफसर चित्रकूट पहुंच गए हैं। सूत्रों का कहना है कि अफसरों ने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों और कर्मचारियों को गेस्ट हाउस बुलाया है। देर रात तक सिंचाई विभाग का कोई अफसर या कर्मचारी सीबीआई अफसरों के पास नहीं पहुंचा था। बुधवार दिन तक अधिकारियों को आने को कहा गया है।

माना जा रहा है कि आरोपी 'हैवान इंजीनियर' जेई राम भवन की गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में उजागर हुए तथ्यों की पुष्टि के लिए टीम दोबारा चित्रकूट पहुंची है। अभी तक बांदा और चित्रकूट जिलों में बच्चों के यौन शोषण का कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। ऐसे में सीबीआई टीम जेई की हरकतों के शिकार बने बच्चों को भी तलाश करेगी। फिलहाल सीबीआई के पास जेई से बरामद मोबाइलों में तमाम पोर्न वीडियो मिले हैं। अब उन बच्चों व उनके परिजनों को तलाशने की चुनौती होगी। उनके बयान इस केस में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होंगे, लिहाजा सीबीआई ने गिरफ्तारी के फौरन फिर से चित्रकूट में डेरा डाल दिया है।

**भाइयों का परिवार घर में कैद**–राम भवन बांदा जिले के नरैनी के खरौंच गांव का रहने वाला है। इस परिवार ने गांव से आकर नरैनी के अतर्रा रोड स्थित पावर हाउस के निकट घर बना लिया है। इस घर में रामभवन के बड़े भाई रामप्रकाश और राजा रहते हैं। पिता चुन्ना प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। मंगलवार की रात उसके भाई सपरिवार घर में मौजूद थे पर पुकारने पर नहीं निकले। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह से ही घर में चहल-पहल नहीं है। संभवतः उन्हें रामभवन की गिरफ्तारी की जानकारी हो गई है। वे किसी से बात करने के इच्छुक नहीं है।




**बीवी घर से नहीं निकली, दरवाजे बंद**–रामभवन की गिरफ्तारी की सूचना सार्वजनिक होने के बाद उसकी पत्नी दुर्गावती ने कर्वी स्थित किराए के घर में खुद को बंद कर लिया है। मकान मालिक ने बताया कि पिछले छह-सात वर्ष से जेई सपत्नीक यहां रह रहे हैं। उनकी कोई संतान नहीं है। वह बांदा जिले के नरैनी कस्बे में बाजार मोहल्ले के रहने वाले हैं। अब तक मुझे इनकी कोई शिकायत नहीं मिली। गिरफ्तारी की सूचना के बाद से पत्नी ने खुद को घर में बंद कर लिया है। बहतु प्रयास करने पर भी वह बात करने को राजी नहीं हुई। जेई की उम्र करीब 45 साल है। विभागीय लोगों के मुताबिक रामभवन की तैनाती कर्वी में 2009-10 में हुई थी। उसकी शादी 2004 में दुर्गावती देवी के साथ हुई थी।

**पड़ोसियों की शिकायत पर हटाया**–अर्जुन सहायक परियोजना महोबा व रसिन बांध परियोजना चित्रकूट का काम देख रहा रामभवन एसडीएम कार्यालय के पीछे की बस्ती में किराए के घर में रह रहा था। सूत्रों के मुताबिक उसे सिंचाई कॉलोनी में आवास आवंटित था लेकिन वह कॉलोनी के बाहर ही रहा। चित्रकूट में पोस्टिंग के शुरुआती दिनों में उसने आफिस के पास ही सिकरी गांव निवासी कक्कू सिंह का घर किराए पर लिया था। कक्कू सिंह ने बताया कि रामभवन को घर किराए पर देने के कुछ दिन बाद ही पड़ोसियों ने घर में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत की। कक्कू सिंह ने बताया कि पड़ोसियों ने सख्त एतराज किया। बताया कि जेई ने भोजन बनाने के लिए एक महिला को रखा है, उसकी दो बेटियां भी वहां आती-जाती हैं। संदेहजनक हरकतें देखी गई हैं। मैंने डेढ़ माह में ही उससे घर खाली करा लिया था।

**पहली बार दो नवंबर को चर्चा में आया**–वह पहली बार 2 नवंबर को चर्चा में आया, जब सीबीआई की गाजियाबाद शाखा की टीम ने छापा मारा। टीम चार दिन तक चित्रकूट में डेरा डाले रही। पहले दिन सीबीआई अफसरों ने सिंचाई विभाग निर्माण खंड में तैनात सहायक अभियंता राम प्रसाद से जूनियर इंजीनियर रामभवन के बारे में जानकारी ली। उन्हीं के माध्यम से राम भवन को बुलवाया। उसके ड्राइवर अभय को भी पकड़ा। दोनों से पूछताछ की। अगली सुबह टीम ने मंदाकिनी पुल के पास सिंचाई विभाग की कालोनी पहुंच कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। विभागीय लोगों में चर्चा थी कि आठ साल पहले एक महिला की खुदकुशी के मामले में पूछताछ हो रही है। लेकिन अगले दिन चर्चा फैली कि मामला अश्लील वीडियो इंटरनेट पर अपलोड करने का है। चार नवंबर की शाम तमाम कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद सीबीआई टीम राम भवन को लेकर चित्रकूट से रवाना हो गई थी।

# यूपी के जौनपुर की लेडी सिंघम तारावती यादव से कांपते हैं अपराधी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के महिला थाना की प्रभारी दरोगा तारावती एक ऐसी महिला है जिनके हवाले है पूरा महिला थाना। दिन हो या रात जब भी कोई वारदात होती है तारावती वहां फौरन पहुंच जाती हैं और तब तक दम नहीं लेती जब तक मुजरिम सलाखों के पीछे न पहुंच जाए। जौनपुर के अपराधी उनके नाम से कांपते हैं। फर्ज की राह पर चलते हुए पति रामराज यादव सीने पर गोली खाकर शहीद हो गए। पीछे छोड़ गए दो मासूम बच्चे और एक मजबूर पत्नी जिसके नाजुक कंधे पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी। पर तारावती ने जिस तरह चुनौतियों के पहाड़ को पस्त किया उस पर पूरे पुलिस महकमे को नाज है। तारावती के थानाध्यक्ष बनने के बाद जौनपुर के किसी इलाके में न सिर्फ क्राइम कम हुआ है बल्कि आम लोग भी अब खुद को ज्यादा सुरक्षित मानने लगे हैं। खासकर महिलाओं के मन में तारावती को लेकर इतना ज्यादा भरोसा है कि वो कभी भी किसी भी वक्त बेहिचक अपनी शिकायत लेकर तारावती यादव के पास पहुंच जाती हैं।तारावती कैसे बनी लेडी सिंघम इसे जानकर हैरानी होगी1 जिस लेडी सबइंस्पेक्टर के नाम से ही अपराधियों में दहशत फैल जाती है।उसकी जिंदगी महज कुछ साल पहले तक घर की चारदीवारी के बीच सिमटी हुई थी। पति और बच्चों की देखभाल करना ही उसकी दिनचर्या थी। पुलिस की वर्दी तो दूर वो कानून के जाल से भी पूरी तरह अनजान थी पर एक दिन उसकी जिंदगी में ऐसा भूचाल आया जिसने उसके सारे अरमान तहस नहस कर डाले। 16 सितंबर 2006 की तारीख तारावती के जहन में आज



भी ताजा है, आज जो वर्दी तारावती की सबसे बड़ी पहचान है। चौदह साल पहले तक यही वर्दी उनके पति रामराज यादव की सबसे बड़ी शान थी, लेकिन एक खूनी वारदात ने तारावती की दुनिया हमेशा के लिए वीरान कर दी। तब रामराज यादव फरुर्खाबाद में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। खबर मिली कि कुख्यात कलुआ गिरोह के अपराधी उनके इलाके में घूम रहे हैं। रामराज बिना वक्त गंवाए फौरन गुंडों से मुकाबला करने मौके पर पहुंच गए लेकिन मुठभेड़ के दौरान वो अपराधियों की गोली का निशाना बन कर शहीद हो गए। जौनपुर के पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने आज बुधवार को महिला थाने की थानाध्यक्ष उप निरीक्षक तारावती यादव को 3 स्टार लगाकर तीन स्टार लगाकर निरीक्षक का दर्जा प्रदान किया ।

# सातवीं बार शपथ

बिहार में शांतिपूर्ण ढंग से नई सरकार का गठन ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। बिहार में विधानसभा चुनाव 2020 में जीत के बाद नीतीश कुमार ने सातवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। जब राज्यपाल फागू चौहान उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिला रहे थे, तब सारे देश की निगाह बिहार पर थी। पिछले कार्यकालों की तुलना में उनका यह नया कार्यकाल बहुत निर्णायक होने वाला है। इस बार कहीं ज्यादा आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं के साथ लोग उनकी ओर निहार रहे हैं। सबको साथ लेकर चलने के अलावा खास तौर पर भाजपा के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चलना उनके लिए इस बार ज्यादा जरूरी है। कहा जा रहा है कि प्रति साढ़े तीन विधायक पर एक मंत्री बनाने का फॉर्मूला बना है, तो जाहिर है, सरकार में भाजपा के चेहरे इस बार ज्यादा होंगे। भाजपा के इन सभी चेहरों को भी यह ध्यान रखना होगा कि एनडीए की सरकार बनने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका सबसे ज्यादा है। अत- सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह होनी चाहिए कि केंद्र सरकार की तमाम जनोपयोगी योजनाओं को सोलह आना लागू किया जाए। केंद्र द्वारा आवंटित धन का अधिकतम सदुपयोग हो। जद-यू को भी छोटी-छोटी नाराजगी के इजहार से बचकर चलते हुए खुद को फिर खड़ा करना है। बेहतर काम से अपने विरोधियों को जवाब देना है। शराबबंदी जैसी महत्वाकांक्षी नीति के बारे में ठोस फैसले और निगरानी की जरूरत है। शराबबंदी दिखावा नहीं होनी चाहिए और उसकी बिक्री के आपराधिक तंत्र को जल्द से जल्द उखाड़ फेंकना चाहिए। एक बड़ी चुनौती रोजगार की है। लोगों और युवाओं को पिछली सरकारों की तुलना में इस सरकार से ज्यादा उम्मीदें हैं। जहां भाजपा को 19 लाख रोजगार का अपना चुनावी वायदा नहीं भूलना चाहिए, वहीं नीतीश कुमार बिहार सरकार के खाली पदों पर भर्ती कर दें, तो भी राज्य का कल्याण हो जाएगा। डॉक्टर, पुलिस, नर्सिंग स्टाफ, सरकारी कर्मचारी इत्यादि का अनुपात राज्य में चिंताजनक है। रोजगार देने की दिशा में लोगों को विश्वास में लेकर चलने में ही सरकार की भलाई है। बिहार एक जागरूक प्रदेश है और वहां सरकार जितनी पारदर्शिता के साथ काम करेगी, उतना अच्छा होगा। सरकार में बैठे लोगों को ध्यान रखना होगा कि यह कोई आखिरी चुनाव नहीं है और कांटे की टक्कर में सत्ता हासिल हुई है। राजद और कांग्रेस जैसी जो पार्टियां पराजित हुई हैं, वे आक्रामक मुद्रा में हैं और इन पार्टियों ने संकेत दे दिया है कि सरकार को आने वाले दिनों में कदम-कदम पर विरोध का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, लोग विपक्षी पार्टियों से भी यह उम्मीद करेंगे कि वे बिहार को आगे ले जाने में सरकार का साथ दें। ताकतवर विपक्ष देकर राज्य के लोगों ने जो संदेश दिया है, उसे राज्य के दोनों पक्षों को समझना चाहिए। बहुत कुछ सरकार पर निर्भर करेगा कि वह सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, ताकि उसे कम से कम विरोध का सामना करना पड़े। यह नीतीश कुमार का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री के रूप में उन पर बिहार के लोगों और सहयोगी दलों ने सबसे ज्यादा भरोसा किया है। इतना मौका लोग शायद ही किसी नेता को देते हैं। केवल बिहार ही नहीं, बल्कि देश की उम्मीदों पर खरा उतरना व अपनी छवि को और विराटता देने का यह स्वर्णिम मौका हाथ से नहीं जाना चाहिए।

### तन्वी राठौर जीवनी

## चित्रकला मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। मेरे दिल और दिमाग मैं पेंट का ब्रश एक ऐसा ज़रिया है जिसके माध्यम से मैं अपने विचार और भावनाओं को कैनवास पर उतारती हूं। मेरे लिए चित्रकला एक दिन का काम या करियर नहीं, बल्कि मेरी जीवनशैली है।'' चित्रकला को संपूर्ण भारत में हर घर तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है।

**तन्वी राठौड़**



तन्वी राठौड़ का जन्म हरियाणा के एक छोटे से शहर भिवाड़ी में हुआ। आज एक अनुभवी युवा कलाकार के नाम से भी जानी जाती हैं। जो कि अपने दिल और दिमाग की भावनाओं को कैनवास पर उतार देती हैं। वह एक आधुनिक चित्रकार भी हैं। अपनी अद्भुत शैली और रचनात्मक कार्यों के लिए जानी जाती हैं, जो कविता से प्रेरित कलाकृतियों को आधुनिक तरीकों से चित्रित करती हैं। उनकी सोच उनके लिए संगठन के लिए वरदान है, उनका कार्य संगठन की कार्यप्रणाली को सुगम बनाता है। ''अपने कार्य को वे इस भौतिक दुनिया में प्रस्तुत करती हैं, उन्होंने हेब्बा खातू की चित्रकारी को भी प्रभावित किया है, वे ऐतिहासिक, पूर्व ऐतिहासिक, चित्रकारी, भित्तीय चित्रकारी और मूर्तिकला में सक्रिय हैं। वे तेल, एक्रिलिक, वॉटर कलर, मिक्स्ड मीडिया सहित विभिन्न किस्मों का उपयोग करती हैं और इनमें विशेषज्ञता रखती हैं। वे अपनी कलाकारी में कई प्रकार की आधुनिक तकनीकों और सामग्री का उपयोग करती हैं। तन्वी राठौर अपने कार्यों के लिए अभिलेखीय तकनीकें अपनाती हैं, जो उनके काम पर लम्बी छाप छोड़ जाता है। इतना ही नहीं, किसी भी पल को तस्वीर में कैद करने के लिए वे बेहद प्रतिभाशाली हैं। तन्वी राठौर सिर्फ संस्था( आईपीए ) की निदेशक ही नहीं हैं, बल्कि हर कार्य में व्यक्तिगत रूप से रूचि लेती हैं, तन्वी राठौर सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। तन्वी राठौड़ ने आईपीए में कलाकारों के लिए अपने आप को रोल मॉडल के रूप में स्थापित किया है।

**तन्वी राठौर के बारे में जानें**-तन्वी राठौड़ एक पुरस्कार विजेता कलाकार हैं, जिन्हें 2008 में हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कलकत्ता के भारतीय कला केन्द्र से बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स की डिग्री ली है और इसके बाद 2003 में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से टेक्सटाईल और पेंटिंग में एक साल का डिप्लोमा लिया। इसके बाद उन्होंने 2004 में इंश्योरेन्स कारोबार में मास्टर्स किया। वे 2007 से पढ़ा रही हैं, 3 साल तक उन्हों जे.जे. स्कूल ऑफ संस्कृति, गुरूग्राम में पढ़ाया, इसके बाद 2013 से 2016 तक अपने खुद के संस्थान आईपीए, गुरूग्राम में पढ़ाया। इसके बाद विषय के बारे में गहन समझ पाने के लिए उन्होंने 2017 में पेंटिंग में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की। इन सब के साथ उन्होंने कई परियोजनाओं पर काम किया है जैसे टेक्सटाईल मंत्रालय के साथ दीवार चित्र एवं मूर्तिकला, होटलों और गेस्ट हाउसेज़ के लिए कस्टम आर्टवर्क, कोरपोरेट कार्यालयों के लिए विशेष दीवार चित्र। वे 5 ग्रुप शो भी कर चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव में हिस्सा लिया है और हेब्बा खातून की कविताओं पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया है। 2018 से उन्होंने कविताओं से प्रेरित चित्रकारी शुरू की, इस तरह वे शब्दों की आवाज़ को चित्रकारी के माध्यम से अद्भुत तरीके से कैनवास पर उतार देती हैं। तन्वी राठौर का सपना अपनी संस्कृति चित्रकला क्षेत्र मे आईपीए संस्थान के माध्यम से देश के हर छात्र को आगे ले जाना मेरा पहला लक्ष्य है।

## चाहती हूं मैं



दिले- बेताबी कितनी है बताना चाहती हूं मैं
आतिशे- ग़म में जली,दिखाना चाहती हूं मैं ।
ग़म अपना भूल पाऊं किसी भी तरह से
इसलिए हर पल हंसती-हंसाती रहती हूं मैं ।
छोड़ मुझे चल दिए तुम नई दुनियां बसाने
दिल ना दुखाना किसी का कहती हूं मैं ।
कुर्बत में भी क्यों रहते हो दूर- दूर मुझसे
हर ग़म तेरा चुपचाप सहती रहती हूं मैं ।
दिखा चेहरा दे दो करार दीदा-ए-नमनाक को
दमे- आखिर तेरे क़दमों में लेना चाहती हूं मैं ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर )**

## बिटिया

सो जा बिटिया
तारों के शमियाने में
बादलों के बिछौने पर
हबा की चादर ओढ़े सो जा बिटिया
तेरी माँ यहाँ रो रही है,
तेरा बापू छाती पीट रहा है,
तेरा भइया चीख रहा है परन्तु
तू सो जा बिटिया
तेरे दर्द को तमाशबीनो ने कहा
÷चुप कुछ नहीं हुआ÷
तेरी अपाहिज बोली को
हुक्मरानों ने कहा



÷चुप जुबान बंद कर÷
परंतु सो जा बिटिया
तुझे कितना दर्द हुआ होगा रे बिटिया
तू कितना तड़पती होगी रे बिटिया
तू अब आराम कर
हरी -हरी घास पर ,अग्र की उष्मा लिए
यह देश थोड़ा चिल्लाएगा!
फिर चुप हो जाएगा!
जात धर्म में बवाल हो जाएगा!
तू सो जा बिटिया
बेटियां पराया धन होती हैं
तू ही पुलिस कानून डॉक्टर नेता तेरे कैसे
तो यह प्रकृति है बिटिया
आराम से सो जा बिटिया

## भगत सिंह फैन्स क्लब ने की गर्म कपड़े दान करने की अपील

**महेंद्र शर्मा**

मेहगांव - सर्दियों में कई लोग भयंकर सर्दी में कपड़ों की कमी के कारण बच नही पाते। ऐसे में भगत सिंह फैन्स क्लब के युवाओं ने जनता से अपील की है कि वह अपने पुराने गर्म कपडे और कम्बलों को जरूरतमंदों के लिये दान करें। हम उन कपड़ों को धुलवाकर उन जरूरतमंदों तक पहुंचाएंगे जिन्हें बाकई इन कपड़ों की जरूरत है।

भगत सिंह फैन्स क्लब के संस्थापक सचिन भदौरिया ने बताया कि जाड़े के समय मे लोगों के जो गर्म कपड़े छोटे हो जाते है और नए-पुराने कम्बलों को दान करके ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिये हमें दें। हम उन्हें उन जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाकर उनके चेहरों ओर मुस्कुराहट लाएंगे और आप भी उस मुस्कुराहट की वजह बन सकते है।

कपड़े दान करने के लिये आप 9617042518 पर सम्पर्क कर दे सकते है। हम आपके पते से उन कपड़ों को मंगा लेंगे।

बुझे पटाखों में आवाज तलाशते गरीब बच्चे 77
जगमग दीपोत्सव की खुशियों वाली
रात की अगली सुबह सुबह
गरीब बेसहारा बच्चे नन्हे फटे हाल,
बड़े बड़े घरों के लोहे के दरवाजे के सामने,
बुझे और फूटे हुए पटाखों के
कागज के बिखरे हुए अवशेषों
से,और अध् जलि फुल झडीयों मैं रंग बिरंगी
रोशनी खोजते, फटे हाल बच्चे दिवाली के
दूसरे दिन किसी अभिजात्य कॉलोनी
में फटे बे हाल घूमते हुए दिखाई दे जाएंगे,
अर्धनग्न इन नन्हे बच्चों की किस्मत में
यह अध् जले पटाखे, फुलझड़ियां
और कभी कभी बम भी मिल जाया करते हैं,
दिवाली की सौगात समझ खुश
हो कर शुभ दीपावली मनाते
इन्ही पटाखों के टुकड़ों के साथ
दिवाली का दिन मनाने निकल पड़ते हैं 7
इन्हें चमकदार, रोशनी वाली दिवाली,
शायद नसीब नहीं होती7
और नसीब नहीं होते,
दिवाली में आए रसदार मीठे फल,
या फिर स्वाद भरी सूखे मेवे से
लिपटी मिठाईयां,
नए-नए रंगीन महंगे कपड़े
इन्हें नसीब होते हैं चंद,
पुराने फटे तन को ढकने
कपड़ों के चीथड़े ,
जो इनके तन को कई जगह से
खुला भी छोड़ देते हैं,
कहां है वह सब बड़े बड़े
दावे करने वाले क्लब, संगठन,
और खोखले शासकीय वादे
जो जोर शोर से एलान करते हैं
की अब गरीबी इस देश में नहीं आएगी,
यह बच्चे धीरे-धीरे ऐसे ही,
बुझी हुई रोशनी की तलाश में
बड़े हो जाते हैं और तलाशते हैं,
दो जून की चंद रोटियां और
मटमैला गंध युक्त पानी पीने को,
इनकी दिवाली कभी रंग बिरंगी
रोशनी वाली खुशियां देने वाली
नहीं होती है,
इन्हें तो बस बाल श्रम ही अपनी
जिंदगी में नसीब होता है,
और फिर शुरू होता है,
मजदूरी और संघर्ष का दौर
नहीं कह पाते एक दूसरे को
हैप्पी दिवाली या दिवाली की
बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं,
यह शब्द यह सिर्फ दूसरे और
बेहद खुशहाल रईस
जवान और बच्चों से ही
इनके कान तृप्त हो जाते हैं
हैप्पी दिवाली के शब्दों से77

**संजीव ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय कवि,**
**चौबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## राज्यमंत्री राठखेड़ा की जीत में पूर्व विधायक प्रहलाद भारती की अहम भूमिका

**धीरज ओझा**



पोहरी-विधानसभा उपचुनाव के नतीजे सामने आने के बाद अब तारीफों का दौर शुरू हो गया है जिसमें मध्यप्रदेश सरकार में सबसे ज्यादा भितरघात की आशंकाओं को लेकर सबसे ज्यादा पोहरी विधानसभा की सीट चर्चित रहती थी लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं मिला जिसमें भाजपा के पोहरी के पूर्व विधायक प्रहलाद भारती सहित भाजपा के एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता ने कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा प्रत्याशी राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा को विजय श्री दिलाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया, यशोधरा राजे सिंधिया जो भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश सरकार को बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसमें जीत का श्रेय इन बड़े चहरो पर जाता है उतना ही भाजपा से दो बार रहे पोहरी से पूर्व विधायक प्रहलाद भारती की भी इसमें मुख्य भूमिका रही हैं इतना ही नहीं उपचुनाव में दिन रात एक करते हुए नजर आए तो वही लगातार सातो समाजो में सभाएं भी की एवं भाजपा प्रत्याशी राज्यमंत्री के पक्ष में वोट माँगे और लगातार क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में मुख्य भूमिका निभाई और शोशल मीडिया पर लगातार भाजपा को वोट करने की अपील करते हुए नजर आए जहां पर प्रहलाद भारती की राजनैतिक उनकी आंका यशोधराजे सिंधिया की शाख से जुड़ी हुई है और पार्टी ने स्टार प्रचारक के अलावा कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गयी थी।जिससे कि राज्यमंत्री राठखेड़ा को विजय श्री प्राप्त हुई।

## नारी

चंदा मामा को देखकर



मना लिए हम सब दीवाली
अब देखना है सूरज को
पर्व पंचमी , छठ वाली ।
खा पी कर शशि को दुलारी
थककर सो गई बेचारी
राम जी के लौट आने पर
दीप जलायी चमत्कारी ।
पुत्र प्राप्ति की इच्छा हुई
व्रत के लिए समीक्षा हुई
किया आज वो दृढ़ निश्चय
व्रत से होगा जीवन सुखमय ।
रात में जागकर ,उपवास कर
भास्कर को जल ढारी
जल बीच खड़ी हो कर उसने
सूर्य देव को पुकारी ।
जीवन के हर एक मोड़ पर
धरती और आकाश पर
बंधनों में भी वह बंधकर
लोकहित चाहती नारी ।
प्रसव वेदना को वह सहकर
आंचल में ममता छुपा कर
नवीन सुख की कामना लिए
शिशु जन्म देती है नारी ।

**ज्ञानंद चौबे**
**रेणुकूट , सोनभद्र**
**उत्तर प्रदेश**

## ख्वाबों के दरख्त



ख्वाबों के दरखत्त ,
यूं ही नही पनपा करते हैं।
कड़ी मश्क्कत करके ही,
तब जाकर यह निखरते हैं।
अपनत्व,प्रेम की खाद से,
खून-पसीने से सिंचते हैं।
हौसलों की मिट्टी में ही,
स्वप्न सलोने सजते हैं ।
आत्मविश्वास की मजबूत
पकड़ से ही,
अंकुर उपजा करते हैं ।
मेहनत के दमपर ही,
फूल बहारों में खिलते हैं ।

**रश्मि वत्स**
**मेरठ(उत्तर प्रदेश)**

## इंतजार



दिल के इस बगिया में,
तेरे लौट आने का इंतजार है।
आओ मिलकर अब मिटा दे,
बीच पड़ी है जो दीवार।।
दिल मचलता है अब भी
मेरा,
मोहब्बत तुझको करने को।
प्रियवर ! भूल उस हादसे को,
दो समय अब मिलने को।।
दिल कल भी बेकरार था,
दिल आज भी बेकरार है।
लौट आओ प्रिये !,
दिल को तेरा बहुत इंतजार है।।
खुले आसमां के चांदनी रातों में,
मिलें हम प्यार के राहों में।।
गरज उठे अम्बर,चमक उठे दामिनी,
और लिपट पड़े हम बाहों में।।
होठों पे हो होठों का कम्पन ,
जिस्म दो हम एक जान हो।
फ़िक्र ना कर जालिम दुनिया का,
बस हम दोनो में प्यार हो।।
थोड़ा प्रेम दो मुझको प्रिये !,
मिटा दो ये नफ़रत की दीवार।
बहुत हुआ अब न रहा जाता,
मिलके मिटाओ ये इंतजार।।

**अंकुर सिंह**
**चंदवक, जौनपुर,**

## काश कि जैसा सोचा मैंने ...



काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।
आँखें ना नम होती मेरी,
और ना मेरा दिल रोता।
काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।
काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।
सोचा था कि सुमन खिलेंगे,
चमन मेरा भी महकेगा।
झाँक हृदय में देखे कोई,
भावुकता को समझेगा।
किंतु वही तो हुआ नहीं,
जिसकी जीवन भर चाह रही।
कानों के लिए जो अमृत हो,
किसी ने ना ऐसी बात कही।
मत सोच चकोर ये बात कभी,
कि तड़पा तू ही इकलौता।
काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।
ये दिखी रोशनी, हुआ सवेरा,
किंतु ये तो था बस भ्रम मेरा।
जीत लेता मैं ये जग सारा,
संग जो मिल जाता दम तेरा।
अभी यद्यपि देर ना हुई,
इंतजार अभी शेष रहा।
मिला नहीं, पहले बिछड़ा वो,
जीवन भर ये क्लेश रहा।
ओ हृदय मेरे अब मान भी जा,
जो कुछ पाता है, वो खोता।
काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।
काश कि जैसा सोचा मैंने,
वैसा ही सब कुछ होता।

घनश्याम शर्मा
पिलानी , राजस्थान

## भारतीय राजनय की अग्नि-परीक्षा

भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच आठवें दौर की वार्ता के बाद जो प्रस्ताव चर्चा में आया है, उससे समाधान की राह निकलने की उम्मीद बढ़ी है। इस प्रस्ताव पर हमारे चीन स्टडी ग्रुप और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सहित सभी बड़े अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श जारी है। सीमा पर तनाव कम करने के लिए लाए गए इस प्रस्ताव में वास्तव में क्या है, इसका पता अगले यानी नौवें दौर की वार्ता में ही चलेगा। ऐसा लगता है, चीन पीछे हटने के लिए तैयार हो रहा है। बिहार रेजीमेंट के साथ जिस इलाके में झड़प हुई थी, केवल उसी इलाके से नहीं, बल्कि लद्दाख के दूसरे इलाकों से भी चीन को पीछे हटना चाहिए। डेपसांग प्लेन्स इलाके में मैं रह चुका हूं, प्रस्ताव में इस इलाके का जिक्र चीन ने नहीं किया है। ऐसी रिपोर्ट है कि इस इलाके में चीन की सेना घुसी हुई है, भले इसकी आधिकारिक पुष्टि न हुई हो। रक्षा विशेषज्ञ होने के नाते मेरा अनुमान है, यहां लाइन ऑफ कंट्रोल का निर्धारण मुश्किल है। इस क्षेत्र की बात प्रस्ताव में जरूर होनी चाहिए। हमें ताजा प्रस्ताव पर विचार करते हुए दोनों देशों के संबंधों की पृष्ठभूमि का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि चीन हमसे एक धूर्त देश की तरह ही पेश आया है। दुर्भाग्य रहा कि हम स्वतंत्रता के बाद से ही चीन के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर पाए, जैसा करना चाहिए था। 1950 के दशक में ही चीन ने अक्साई चिन में सड़क निर्माण शुरू कर दिया था। हमारी खामी रही कि हम भाई-भाई की बात करते रहे और चाऊ एन लाई रोड बनवाते रहे। सन 1962 के युद्ध के बारे में भी एक बात स्पष्ट हो गई है कि वह युद्ध हमारी फॉरवर्ड पॉलिसी की वजह से नहीं हुआ था। दरअसल, चाऊ एन लाई के कारण चीन में लाखों लोग मरे थे, उनका तख्तापलट होने वाला था और वह इससे बचने का बहाना खोज रहे थे। तब जो होना था, हो गया, लेकिन आज भी हम उसका दंश झेल रहे हैं। हमारी ओर से कमी रही है, चीन ने 1980 के दशक में कहा था कि हम अपने देश का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। लद्दाख से अरुणाचल तक चीन ने सड़क और पूरा मूलभूत ढांचा निर्मित कर दिया, उसकी तुलना में हम 20-25 प्रतिशत काम भी नहीं कर पाए। अब समय बदला है, किसी सरकार ने फौज को इतने अधिकार नहीं दिए थे। अधिकार मिले, तो फौज ने चीन को बता दिया कि पिछले वर्षों में तुम्हें जितना करना था, तुमने कर लिया, अब हम नहीं करने देंगे। आज वहां सीमा पर हमारे 50-55 हजार सैनिक मुस्तैद हैं। टैंक, मिसाइलें तैनात हैं। हमने विश्व को संदेश दे दिया है कि भारतीय सशस्त्र सेनाएं अब चीन को जवाब दे सकती हैं। ध्यान रहे, चीन में एक कॉन्फ्रेंस हुई थी, उसमें राष्ट्रपति शी जिनपिंग को सबके सामने कहना पड़ा कि पड़ोसियों के साथ जो भी विवाद हैं, हम वार्ता से ही सुलझाएंगे। इसलिए अब भारत के साथ जो वार्ता हो रही है, वह 'फेस सेविंग' या अपनी छवि बचाने की चेष्टा है। भारत से लड़ना उनके लिए आसान नहीं है। लद्दाख में जिस इलाके में तनाव है, वहां मेरी बात होती रहती है। उस इलाके में पारा अभी ही -20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है।



## धर्मशाला में करीना बनीं मलाइका की फोटोग्राफर

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खानऔर मालइका अरोड़ाइन दिनों हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में हैं। दरअसल सैफ अली खान और अर्जुन कपूर अपनी अपकमिंग हॉरर फिल्म भूत पुलिसकी शूटिंग धर्मशाला में कर रहे हैं। सैफ और अर्जुन के साथ उनकी फिल्म की दोनों हिरोइन जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम भी मौजूद हैं। सैफ के साथ उनकी बेगम करीना कपूर खान और बेटा तैमूर भी धर्मशाला आए हुए हैं। तो वहीं अर्जुन कपूर के साथ उनकी लेडी लव मलाइका अरोड़ा भी उन्हें कंपनी देने के लिए वहीं मौजूद हैं। इन सभी ने मिलकर दिवाली भी धर्मशाला में ही सेलीब्रेट की थी। एक तरफ जहां सैफ और अर्जुन अपनी फिल्म की शूटिंग निपटाने में बिजी हैं। वहीं करीना और मलाइका धर्मशाला के खूबसूरत मौसम को जमकर इंजॉए कर रही हैं। हाल ही में मलाइका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर डाली है जिसमें वह अपनी कॉटिज के बाहर रखे बैंच पर बैठकर आराम से कॉफी की सिप लेती और धूप का आनंद उठाती दिख रही हैं। पहाड़ों पर सर्दियों के मौसम में सुबह-सवेरे गुनगुनी धूप सेंकना बेहद दिलकश अनुभव होता है। मलाइका भी गर्मा-गरम कॉफी और सर्द सुबह का आनंद उठाती देखी गईं। मलाइका ने व्हाइट कलर का बाथरूम रॉब और ब्राउन कलर का हाई बूट्स पहने हैं। जी हां, मलाइका की इस दिलकश तस्वीर को क्लिक करने का क्रेडिट उनकी बेस्ट फ्रैंड बेबो को जाता है। तस्वीर को शेयर करते वक्त मलाइका उन्हें कैप्शन में क्रेडिट देना भी नहीं भूलीं। वैसे, मलाइका और करीना धर्मशाला में कितना इंजॉए कर रहे हैं इसका अंदाजा आप इनकी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लगा सकते हैं।

## धर्मशाला की सड़कों पर पिता सैफ अली खान के कंधे पर बैठकर घूमते हुए दिखे तैमूर



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर दूसरी बार मां बनने वाली हैं। हाल ही में वह सैफ अली खान संग दिवाली सेलिब्रेट करने के लिए बेटे तैमूर को लेकर धर्मशाला पहुंचीं। करीना ने इस वेकेशन के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है। इन तस्वीरों को अर्जुन कपूर ने क्लिक किया है। फोटोज में देखा जा सकता है कि तैमूर पिता सैफ अली खान के कंधे पर बैठाकर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, दोनों के चेहरे नहीं दिख रहे हैं। तस्वीर में पिता और बेटे की क्यूट बॉन्डिंग नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरी फोटो में करीना, सैफ और तैमूर चर्च के सामने खड़े दिख रहे हैं। करीना ने तस्वीरों को शेयर करते कैप्शन में लिखा, हमेशा आगे देखना। इसके साथ ही उन्होंने फोटो क्लिक करने का क्रेडिट अर्जुन कपूर को दिया। बता दें कि इस वेकेशन में मलाइका अरोड़ा भी करीना और सैफ अली खान के साथ नजर आईं। क्योंकि उन्होंने भी ब्वॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ दिवाली मनाने का प्लान बनाया था। इन दिनों सैफ और अर्जुन धर्मशाला में फिल्म भूत पुलिस की शूटिंग कर रहे हैं। इससे पहले एक वीडियो सामने आया था जिसमें करीना कपूर, सैफ अली खान, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ धर्मशाला में घूमते हुए नजर आए। इस दौरान फैन्स रुककर उन्हें देख रहे थे। साथ ही घर की छत पर खड़े होकर उन्हें हाय बोल रहे थे।

## बजरंगी भाईजान की मुन्नी अब हो गई बड़ी



सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान में मुन्नी का किरदार निभाकर सबका दिल जीतने वालीं हर्षाली मल्होत्रा अब बड़ी हो गई हैं। दरअसल, हर्षाली ने दिवाली पर अपनी फोटोज शेयर की हैं जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। फैन्स हर्षाली की फोटोज देखकर शॉक्ड हो गए हैं कि वह इतनी जल्दी बड़ी हो गई हैं। हर्षाली ने जो अपनी फोटोज शेयर की हैं उसमें वह सलवार-सूट पहने नजर आ रही हैं। फोटज में वह रंगोली बनाती नजर आ रही हैं तो एक फोटो में वह हाथों में दीया पकड़े नजर आ रही हैं। बता दें कि जिस वक्त बजरंगी भाईजान की शूटिंग चल रही थी उस वक्त हर्षाली सिर्फ 7 साल की थीं और अब वह 12 साल की हो गई हैं। बजरंगी भाईजान फिल्म के लिए हर्षाली की बहुत तारीफ हुई थी। इस फिल्म के लिए हर्षाली ने स्क्रीन अवॉर्ड फॉर बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट अवॉर्ड जीता था। वैसे बता दें कि बजरंगी भाईजान से पहले हर्षाली कई टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। इन सीरियल में कुबूल है, लौट आओ तृषा और सावधान इंडिया शामिल हैं। हर्षाली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर हर्षाली की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। वह परिवार के साथ अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। वैसे हर्षाली बड़ी हो गई हैं, लेकिन वह अब भी पहले जैसे क्यूट लगती हैं। फैन्स हर्षाली की अगली फिल्म या टीवी सीरियल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि हर्षाली ने अभी तक अपनी किसी अगली फिल्म या टीवी सीरियल की घोषणा नहीं की है।



## फेमस तमिल एक्टर थवासी हुए कैंसर के शिकार, आर्थिक मदद की गुजारिश





साल 2020 लोगों के लिए कुछ खास नहीं रहा। इस साल हमने कई दिग्गज कलाकारों को खो दिया। वहीं कुछ स्टार ऐसे भी है जो बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। तमिल इंडस्ट्री के फेमस एक्टर थवासी (अ्३२१ ळॅ५२) कैंसर से जंग लड़ रहे है। एक्टर की हालात काफी खराब चल रही है। बेबस और मजबूर थवासी ने अब अपने करीबी दोस्तों और फैंस से मदद की मांग की है। सोशल मीडिया पर थवासी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वो बेहद गंभीर हालात में नजर आ रहे है। थवासी कैंसर पीड़ित है और उनका इलाज जारी है। वायरल हो रहे वीडियो में वह अपने फैंस से इलाज के लिए मदद मांगते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में थवासी को पहचान पाना भी मुश्किल है। वह कैंसर की वजह से काफी दुबले-पतले नजर आ रहे हैं।

वायरल वीडियो में थवासी अपने फैंस से मदद की अपील करते हुए कह रहे हैं, मेरा सिनेमा में 30 साल से ज्यादा का करियर है। मैंने फिल्म कीजहक्कु चीमाईले से लेकर अन्नथा (अभी रिलीज नहीं हुई) तक में अभिनय किया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी इस तरह की बीमारी का शिकार हो जाऊंगा। मैं कुछ भी करने लायक नहीं हूं। मैं ठीक से बात करने लायक भी नहीं हूं। थवासी आगे कहते हुए नजर आते है कि - मैं इस इंडस्ट्री में काम करने वाले साथी कलाकारों और राज्य के लोगों से मेरी मदद करने का अनुरोध करता हूं। ताकि मैं इससे ठीक हो सकूं और दोबारा से अभिनय कर सकूं। सोशल मीडिया पर थवासी का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। तमाम सोशल मीडिया यूजर्स और उनके फैंस वीडियो पर अपना रिएक्शन भी दे रहे हैं। साथ ही उनके जल्द ठीक होने की कामना और मदद का भरोसा भी दिला रहे हैं। थवासी ने साउथ सिनेमा की कई शानदार फिल्मों में अपनी अदाकारी के दम से सभी का दिल जीत है। थवासी के बेटे ने भी सोशल मीडिया पर लोगों से अपने पिता के इलाज के लिए मदद मांगी है। उन्होंने ट्विटर पर पिता के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए मदद मांगी है।

## वायरल हो रही है अजय-काजोल की बेटी न्यासा की वाइट ड्रेस में तस्वीर

अपनी तस्वीरों और वीडियोज के लिए चर्चा में रहने वाली न्यासा देवगन का हाल में एक फोटो सामने आया है जिसमें न्यासा वाइट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। पिछले समय से अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा पर लोगों का काफी ध्यान है। न्यासा देवगन कई बार अपनी ड्रेसेज पर ट्रोल भी हुई हैं लेकिन इस बार वाइट ड्रेस में उनकी खूबसूरत तस्वीर लोगों को काफी पसंद आ रही है। न्यासा की यह तस्वीर एक फेन पेज पर शेयर की गई है और दिवाली पार्टी की बताई जा रही है। न्यासा इस समय सिंगापुर में पढ़ाई कर रही हैं और इस बार दिवाली पर घर भी नहीं आई हैं। न्यासा ने अपने फ्रैंड्स के साथ दिवाली पार्टी सेलिब्रेट की जिसमें वह ट्रडिशनल वाइट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। न्यासा ने अपने हाथ पर मेंहदी भी लगाई हुई है। वैसे काजोल इस समय न्यासा के पास सिंगापुर भी गई हुई हैं जबकि अजय देवगन और उनके बेटे युग इस समय मुंबई में ही हैं। अजय के यहां की दिवाली पार्टी की तस्वीरें भी सामने आई हैं। वैसे न्यासा अपने फोटो और वीडियो के लिए काफी चर्चा में रहती हैं। हाल में न्यासा का एक टिकटॉक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसमें वह अपनी दोस्तों के साथ डांस कर रही हैं। इस वीडियों को काफी पसंद किया गया था।



## ट्विंकल खन्ना ने पोस्टर दिखाकर की अपनी फिल्म मेला की बुराई, कहा

## इसने एक दाग छोड़ा है



ट्विंकल खन्ना ने अपनी फिल्म मेला का एक पोस्टर शेयर किया, जो ट्रक के पीछे नजर आ रहा है। ट्विंकल ने इसे शेयर करते हुए लिखा- मेला ने एक दाग छोड़ा है। ट्विंकल ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में अपनी फिल्म मेला को याद किया है। इस फिल्म को याद करते हुए उन्होंने एक ट्रक के पीछे की एक तस्वीर शेयर की है, जिसपर फिल्म का पोस्टर नजर आ रहा है। ट्विंकल ने इंस्टाग्राम पर हाइवे पर जाते एक ट्रक की तस्वीर शेयर की है जिसपर मेला का पोस्टर नजर आ रहा है। इस फिल्म में ट्विंकल खन्ना के साथ लीड ऐक्टर आमिर खान थे। हालांकि, इस पोस्टर में लीड हीरो आमिर खान नहीं नजर आ रहे हैं, बल्कि फिल्म मेला के विलन टीनू वर्मा का चेहरा नजर आ रहा है। इसे शेयर करते हुए ट्विंकल ने लिखा है, मेरा मानना है कि कुछ चीजें टाइमलेस यानी समय की सीमा से परे होती हैं। यह आज मेरे मेसेज पर आया। इसके सिवा मैं क्या कह सकती हूं कि मेला ने निश्चित रूप से मुझ पर और बाकी देश पर एक दाग छोड़ा है, आप इसे जैसे देखना चाहते हैं देखें। इससे पहले भी ट्विंकल खन्ना मेला का मजाक उड़ा चुकी हैं। करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में ट्विंकल ने कहा था कि आज भी ऑडियंस को मेला फिल्म मेरी एक्टिंग की वजह से याद है, जबकि वह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी। बता दें कि फिल्म मेला 20 साल पहले साल 2000 में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के भाई फैजल खान भी नजर आए थे।

## गौहर खान मंगेतर के साथ कर रही थीं डांस, तभी हुआ कुछ ऐसा कि एक्ट्रेस को आ गया गुस्सा



गौहर खान अपने मंगेतर जैद दरबार के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती है। अब गौहर ने जैद के साथ एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह राजकुमार राव और नुसरत भरूचा की फिल्म छलांग के केयर नी करदा गाने पर परफॉर्म कर रहे है। परफॉर्मेंस के बाद एंड मे जैद, गौहर को गिरा देते है जिसके बाद गौहर को गुस्सा आ जाता है और वह उन्हें मारने लगती है। बता दें कि यह भी इनकी परफॉर्मेंस का हिस्सा ही था। बता दें कि गौहर और जैद ने कुछ दिनों पहले ही अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की थी। दोनों ने सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप को कन्फर्म करते हुए अपनी सगाई की बात फैन्स को बताई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों 24 दिसंबर को शादी करने वाले है। शादी मुंबई के होटल में होगी और 2 दिन तक सेलिब्रेशन चलेगा। खबरें यह भी है कि दोनों जो हाल ही में गोवा गए थे, वहां दोनों ने प्री-वेडिंग फोटोशूट कराया है। हालांकि दोनों में से किसी ने अभी शादी की डेट को लेकर खुद कोई जानकारी नही दी है। बता दें कि कुछ दिनों पहले जैद दरबार के पिता और म्यूजिक कंपोजर इस्माइल दरबार ने दोनों के रिलेशन पर रिएक्शन दिया था। उन्होंने ही दोनों का रिलेशनशिप स्टेटस कन्फर्म किया था। इस्माइल ने कहा था कि अगर जैद और गौहर शादी करना चाहते है तो मै दोनों को आशीर्वाद क्यों नही दूंगा? दोनों बच्चे रिलेशनशिप में है। जैद 29 के हैं और उन्हें पता है कि क्या करना चाहिए। इस्माइल ने बताया था कि जैद ने गौहर खान संग रिलेशनशिप की बात अपनी स्टेप मॉम आयशा को फोन कर बताई थी। अगर जैद खुश है तो मै भी खुश हू।

## 20 को अभिषेक भट्टाचार्या से शादी करने वाली हैं शीतल पांड्या



तू सूरज मैं सांझ, चिड़ियाघर और उड़ान जैसे टीवी शोज में नजर आ चुकी एक्ट्रेस शीतल पांड्या जल्द ही ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक भट्टाचार्या से शादी करने वाली हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि दोनों स्कूल के समय से एक दूसरे को जानते हैं और पिछले कई सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। लॉकडाउन और महामारी के चलते दोनों ने जूम कॉल के जरिए सगाई की है। स्पॉटब्वॉय से बातचीत में शीतल ने अपने शादी की तैयारी पर कहा, हमारी शादी 20 नवम्बर को होने जा रही है। मैं अभिषेक भट्टाचार्या जो प्रोफेशन से एक डॉक्टर हैं से शादी कर रही हूं। हम एक दूसरे को स्कूल के दिनों से जानते हैं। वो यूके के कहने वाले हैं। हम इस साल की शुरूआत में शादी करने वाले थे लेकिन महामारी के चलते वो भारत नहीं आ पाया। इसलिए हमनें जूम कॉल के जरिए सगाई की थी। ये एक अलग तरह का अनुभव था जिसमें बहुत मजा आया। कोरोना महामारी के बीच शादी करने पर एक्ट्रेस बताती हैं, मौजूदा स्थिति देखते हुए हम महज परिवार की मौजूदगी में शादी करेंगे। अभिषेक एक डॉक्टर हैं और इसलिए वो कोरोना से जुड़े रूल तोड़ने के खिलाफ हैं। वो सोशल डिस्टेंसिंग को काफी संजीदगी से लेते हैं। यहां तक की वो लगातार मुझे मास्क अच्छे से पहनने की याद दिलाते रहते हैं। आगे एक्ट्रेस ने बताया, हमारी शादी एक ट्रेडिशनल बंगाली स्टाइल की शादी होने वाली है जो वेस्टिन मुंबई गार्डन सिटी में होने वाली है। जब एक बार चीजें सही हो जाएंगी तब हम अपने दोस्तों और करीबियों के साथ एक शानदार सेलिब्रेशन करेंगे। शीतल ने अभिषेक से अपनी लव स्टोरी के बारे में बताया, हम एक ही स्कूल में पढ़ते थे। वो स्कूल का टॉपर था जबकि मैं कल्चरल एक्टिविटी में ज्यादा था। स्कूल में हम दोस्त नही थे। बाद में एक बार उसने मुझे टीवी शो में देखा और मुझे मैसेज किया। धीरे-धीरे हमारी दोस्ती हुई और फिर मुलाकातें होने लगीं। हमारी पसंद बहुत मिलती हैं और वो एक अच्छा राइटर भी है। शीतल बताती हैं कि वो शादी के बाद भी अपने काम पर फोकस करती रहेंगी। एक्ट्रेस को काम करना काफी पसंद है, कैमरा के बिना उन्हें जिंदगी अधूरी लगती है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी तब से काम कर रही हूं। मुझे काफी खुशी है कि अभिषेक मुझे और मेरे काम को बहुत सपोर्ट करते हैं। लेकिन मैं शादी के बाद इंडिया में नहीं रहूंगी। ऐसे में मैं ऑनलाइन कंटेंट क्रिएशन करूंगी और अपने वीडियोज शेयर करूंगी।

## न्यूज. ब्रीफ

### गैस से भरे ह्यडबल-ट्रैंकर ट्रक के पलटने से 13 लोगों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** पश्चिमी मैक्सिको में गैस से भरे एक ह्यडबल-ट्रैंकर ट्रक' के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें आग लग गई और फिर विस्फोट हो गया। घटना में ट्रक चालक के अलावा आसपास के वाहनों में सवार कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वहां आसपास के वाहनों में बैठे लोगों को बाहर निकलने का समय ही नहीं मिला और वे जिंदा ही जल गए। अभियोजन कार्यालय ने बताया कि आसपास खड़े तीन वाहनों में सवार लोगों के शवों के टुकड़े सड़क पर बिखरे पड़े दिखे। मैक्सिको में पिछले कुछ वर्षों में इसतरह के ट्रकों से कई सड़क हादसों की घटनाएं हुई हैं।

### विशेषज्ञों की सुझावों से कोविड-19 को कर लेंगे नियंत्रित : कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कोरोना की रोकथाम के लिए सार्थक पहल करने जा रही है। उन्होंने कहा कि बाइडेन सरकार विशेषज्ञों की सलाह मानकर, देशव्यापी जांच और संक्रमितों की पहचान कर कोविड-19 संक्रमण को नियंत्रित कर लेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वैक्सीन सभी के लिए सुरक्षित और निशुल्क हों। अमेरिका कोरोना वायरस महामारी से सर्वाधिक प्रभावित देश है, जहां अब तक कुल 1.1 करोड़ से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं जिनमें से 246,000 लोगों की मौत हो चुकी है। हैरिस ने ट्वीट कर कहा, 'बाइडेन सरकार विशेषज्ञों की सलाह मानकर, देशव्यापी जांच और संक्रमितों की पहचान कर कोविड-19 संक्रमण को नियंत्रित कर लेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वैक्सीन सभी के लिए सुरक्षित और निशुल्क हों।' उनकी यह टिप्पणी अमेरिका में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक हुई वृद्धि के बीच आई है।

### यूएई एयरवेज एतिहाद अगले साल मार्च से शुरू करेगी अबूधाबी से तेल अवीव की उड़ान सेवा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय हवाई सेवा एतिहाद एयरवेज अगले साल मार्च से तेल अवीव के लिए प्रतिदिन सीधी हवाई सेवा आरंभ करने जा रही है। इस कदम से यूएई और इसराइल के संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को सामान्य करने पर सहमति बन चुकी है। एतिहाद एयरवेज ने सोमवार को कहा कि अबू धाबी से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ान 28 मार्च को शुरू होगी। बयान में कहा गया है कि ये उड़ान शुरू होने के बाद यूएई के लोग इसराइल के ऐतिहासिक स्थलों, बीच, रेस्तरांओं का आनंद ले सकेंगे। एतिहाद की वेबसाइट पर इन उड़ानों के लिए टिकटें उपलब्ध हैं। इससे पहले दुबई की सस्ती विमान सेवा कंपनी फ्लाई दुबई ने इसी महीने से दुबई और तेल अवीव के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। यूएआई और इस्राइल ने सितंबर में अमेरिका की पहल पर औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित करने की घोषणा की थी।

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री जापानी समकक्ष से वार्ता करने तोक्यो पहुंचे

**तोक्यो।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन अपने जापानी समकक्ष योशिदे सुगा के साथ वार्ता करने के लिए तोक्यो में हैं। अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण की जारी प्रक्रिया के बीच एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती मुखरता का मुकाबला करने के लिए दोनों अमेरिकी सहयोगी रक्षा संबंधों को बढ़ाने के संबंध में चर्चा होगी। अपने सैनिकों को एक-दूसरे के देशों में जाने और प्रशिक्षण तथा साझा अभियान चलाने की अनुमति देने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के मद्देनजर दोनों देश पारस्परिक पहुंच समझौते पर सहमति के करीब हैं। जानकारी के अनुसार मॉरिसन और सुगा मंगवार शाम तक बातचीत कर समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। दोनों के कोरोना और अर्थव्यवस्था पर भी चर्चा करने की उम्मीद है।

### संगरूर में ट्रक से टकराकर कार में लगी भीषण आग, पांच लोग जिंदा जले

**संगरूर।** पंजाब के संगरूर में मंगलवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे बाद कार में लगी आग में जलकर पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि संगरूर के सुनाम रोड पर एक ट्रक से टक्कर के बाद कार में आग लग गई। जिसकी वजह से कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है। हादसे का शिकार हुए सभी पांच लोग एक रिसेप्शन से वापस लौट रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आग इतनी भयानक थी कि कार में फंसे लोग देखते ही देखते मौत का शिकार हो गए। गाड़ी सेंट्रल लॉक थी, इसलिए किसी को बाहर नहीं निकाला जा सका। दरअसल, कार की जिस ट्रक के साथ टक्कर हुई थी, उसका डीजल टैंक रिसने लगा था, इस वजह से आग लग गई। मरने वाले सभी लोग मोगा जिले के बताए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग संगरूर के दिड़बा की ओर से आ रहे थे। ओवरटेक करते समय हादसा हो गया, जिसके बाद कार में आग लग गई। सेंटर लॉक होने के चलते कार में मौजूद लोग दरवाजा खोलकर बाहर नही निकल पाए और उनकी मौत हो गई। लोगों के सामने कार धू धू कर जल रही थी, लेकिन वो कुछ नही कर सके।

### सुशील को डिप्टी सीएम न बनाने का निर्णय भाजपा का, उसी से पूछिए सवाल: नीतीश

**पटना।** बिहार के राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होने के बाद नीतीश मंत्रिमंडल का चेहरा पूरी तरह बदल गया है। पटना साहिब से भाजपा के टिकट पर जीतकर आए नंदकिशोर यादव इस बार सदन का संचालन करेंगे। वह विधानसभा अध्यक्ष का पद संभालेंगे। एनडीए की इस सरकार में दो डिप्टी सीएम होंगे। कुल 15 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली है। मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने 7वीं बार पद और गोपनीयता की शपथ ली है। पर इस पूरे मंत्रिमंडल में पिछली सरकार के डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी को कोई जगह नहीं

---

| 5 देशों में हुई सबसे ज्यादा मौतें |

# कोरोना के दुनिया भर में 5.49 करोड़ मामले दर्ज

वाशिंगटन ■ एजेंसी



दुनिया भर कोरोना वायरस महामारी के मामले बढ़कर 5.49 करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं अब तक इस महामारी से मरने वालों की संख्या 13.26 लाख से ज्यादा हो चुकी है। साउथ ऑस्ट्रेलिया में कोरोना की वापसी के बाद हड़कंप मच गया है। यहां कोरोना के 14 नए मामले आने के बाद प्रशासन ने संदिग्ध इलाकों में मास टेस्टिंग का ऐलान किया है। वेस्ट ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया और नॉर्दर्न टेरिटरी जैसे कई राज्यों की सीमाओं को सील कर दिया गया है।

जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया में अब तक 3.82 करोड़ लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। अमेरिका में कोविड-19 के मामले 1.1 करोड़ के भी पार पहुंच जाने के बाद अब कई राज्यों ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोरोना वायरस के करीब 10 लाख मामले एक हफ्ते से भी कम समय के भीतर सामने आए हैं। वाशिंगटन और कई अन्य राज्यों की राह पर चलते हुए मिशिगन ने भी संक्रमण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। मिशिगन में हाई स्कूल और कॉलेज व्यक्तिगत उपस्थिति कक्षाएं बंद करने, रेस्टोरेंट में बैठकर भोजन करने की व्यवस्था बंद करने और खेलकूद गतिविधियों को भी बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। ये नए नियम 3 हफ्ते तक प्रभावी रहेंगे। दुनिया में कोरोना वायरस का सबसे ज्यादा प्रकोप अमेरिका में देखने को मिला है। देश में अबतक 2.45 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकि है। मौतों के मामले में दूसरे नंबर पर ब्राजील है, जहां 1.65 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकि है। इस लिस्ट में भारत तीसरे नंबर पर है, जहां 1.30 लाख लोगों की मौत हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुख्यालय में तैनात इसके 65 कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि, डब्ल्यूएचओ का कहना है कि उसके जिनेवा स्थित स्थल पर वायरस का कोई प्रसार नहीं है।

यह खुलासा यूरोप में, मेजबान देश स्विट्जरलैंड और खासकर जिनेवा में संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच हुआ है। संक्रमण की जद में आए आधे से ज्यादा कमचारी ऐसे हैं जो घर से काम कर रहे हैं। इनमें से डब्ल्यूएचओ के 32 कर्मचारी ऐसे हैं जो मुख्यालय भवन परिसर में काम करते हैं। दक्षिण कोरिया में लगातार तीसरे दिन कोरोना वायरस के 200 से अधिक नए मामले सामने आए हैं, जिसके मद्देनजर अधिकारी देश में सामाजिक दूरी संबंधी नियमों को सख्त करने पर विचार कर रहे हैं। सोमवार को यहां कोविड-19 के 223 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के मामले बढ़कर 28,769 हो गए। देश में कोविड-19 से 494 लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूजीलैंड ने देशभर के विमानों में लोगों के लिए मास्क लगाना कानूनी रूप से बाध्यकारी कर दिया है। यह नियम गुरुवार से लागू होगा।

## चेतावनी, बाजार में नकली कोरोना वैक्सीन उतार सकते हैं अपराधी गिरोह

**लंदन।** दुनियाभर में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच कोरोना वैक्सीन के जल्दी ही बाजार में आने की उम्मीद है। मना जा रहा है कि अगले कुछ माह में कई देशों में कोरोना वैक्सीन लोगों को उपलब्ध करा दी जाएगी। बाजार में कोरोना वैक्सीन आने की खबर के बाद से ही नकली कोरोना वैक्सीन आने को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही कोरोना की किसी भी वैक्सीन की बिक्री का ऐलान किया जाएगा वैसे ही कुछ लोग नकली वैक्सीन भी बाजार में उतार सकते हैं। यह चेतावनी ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी ने जारी की है। ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी से जुड़े एक अधिकारी ने बताया नकली कोरोना वैक्सीन को बाजार में आने से रोकने के लिए हमारी टीम ने अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि हमने देखा था कि कोरोना महामारी के दौरान अपराधियों ने नकली मास्क, सैटेनाइजर और पीपीई किट तक बना ली थी। ऐसे में नकली कोरोना वैक्सीन भी बाजार में उतारी जा सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इकोनॉमिक क्राइम सेंटर के डायरेक्टर जनरल ग्रेएम बिगर के मुताबिक जैसे ही कोई कंपनी कोरोना वैक्सीन को बाजार में उतारने का ऐलान करेगी वैसे ही नकली वैक्सीन बनाने वाले सक्रिय हो जाएंगे। इन लोगों को किसी की जान की परवाह नहीं होती ये केवल पैसा कमाना जानते हैं। कोरोना ने क्योंकि दुनियाभर के देशों में हमला किया है इसलिए फर्जी टेस्ट, दवाओं, मास्क और पीपीटी किट का बाजार भी उतना ही बड़ा हो गया है।



ब्रिटेन के अधिकारी ने बताया कि हैकर्स ने कोरोना वैक्सीन से जुड़ी जानकारी भी चुराने की कोशिश की थी। ऐसे में जब वैक्सीन बाजार में उपलब्ध होगी तो असली जैसी दिखने वाली नकली वैक्सीन बनाना उनके लिए ज्यादा बड़ी बात नहीं होगी।

## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बोले- भारत और चीन शुरू कर सकते हैं स्पुतनिक-5 वैक्सीन का उत्पादन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों से कोरोना वायरस का टीका विकसित करने के लिए संयुक्त प्रयास का आह्वान किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि रूस द्वारा विकसित कोविड-19 के टीके स्पुतनिक-5 का उत्पादन चीन और भारत में किया जा सकता है, जो पांच देशों के समूह के सदस्य हैं। पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारा मानना है कि ब्रिक्स देशों द्वारा टीकों के विकास और अनुसंधान के लिए केंद्र की स्थापना को गति देना महत्वपूर्ण है, जिसे हम अपने दक्षिण अफ्रीकी दोस्तों की पहल पर करने के लिए सहमत हुए थे। स्पुतनिक न्यूज के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि रूस का स्पुतनिक-5 टीका जो अगस्त में पंजीकृत किया गया था, उसका उत्पादन ब्रिक्स के दो सदस्य देशों चीन और भारत में किया जा सकता है। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भाग लिया। इसकी मेजबानी राष्ट्रपति पुतिन ने की। पुतिन ने कहा, रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष ने स्पुतनिक-5 वैक्सीन के नैदानिक परीक्षणों के संचालन को लेकर अपने ब्राज़ीली और भारतीय साझेदारों के साथ समझौते किए हैं। इसने चीन और भारत में दवा कंपनियों के साथ एक समझौता भी किया है ताकि इन देशों में टीके का उत्पादन शुरू किया जा सके, जिससे न केवल उनकी जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि वे अन्य देशों की भी मदद कर सकेंगे। गौरतलब है कि 11 अगस्त को रूस कोरोना वायरस के टीके को पंजीकृत कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया, जिसका नाम स्पुतनिक-5 है। गामालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस टीके को विकसित किया है, जबकि रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) विदेशों में इस टीके के उत्पादन और संवर्धन में निवेश कर रहा है।



## चीन कर रहा नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में पड़ी दरार का फायदा उठाने की कोशिश

# चीनी राजदूत ने पीएम ओली के साथ की बैठक

**काठमांडू।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अंदर बढ़ी दरार के बीच नेपाल में चीनी राजदूत होउ यानकी ने मंगलवार को देर शाम प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की और लगभग दो घंटे तक बातचीत की। पीएम आवास और सचिवालय के अंदर के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।पीएम सचिवालय के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, चीनी राजदूत कल देर शाम यहां थे और प्रधानमंत्री ओली के साथ करीब दो घंटे तक चर्चा की। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यान्की और ओली ने पार्टी के अंदर चल रहे मुद्दों को हल करने के बारे में चर्चा की। एक सूत्र ने एएनआई से मुलाकात के बारे में बताया, उन्होंने पार्टी को बनाए रखने के लिए पार्टी के मामलों के बारे में चर्चा की। राजदूत यान्की ने विवादों को सुलझाने और आम सहमति तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर जोर दिया। सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अंदर असंतोष की बात एकबार फिर सामने निकलकर आई है। बुधवार दोपहर होने वाली पार्टी की बैठक को लेकर एकमत नहीं दिख रहा है। ओली ने बैठक को स्थगित करने के लिए पुष्प कमल दहल को प्रस्ताव भेजा है, जबकि दहल दोपहर बाद बैठक करने का मन बना चुके हैं।





सत्तारूढ़ एनसीपी के नौ सदस्यीय सचिवालय में से पांच सदस्य अर्थात् दहल, माधव नेपाल, झाल नाथ खनाल, बमदेव गौतम, और नारायण काजी श्रेष्ठ बैठक के लिए दबाव डाल रहे हैं। इस बीच, बिष्णु पोडेल, ईश्वर पोखरेल, और राम बहादुर थापा के साथ प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली बैठक को स्थगित करने के लिए तैयार हैं। बैठक को टालने के लिए केपी शर्मा ओली ने कैबिनेट की बैठक बुलाई है। ओली की अगुवाई वाली कैबिनेट के एक मंत्री ने कहा, मुझे आज दोपहर 1 बजे से पहले कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए सूचित किया गया है। कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के लिए बैठक नहीं हो पाई। ओली ने बुधवार को सचिवालय की बैठक को रद्द करने का प्रयास किया था, जिसके लिए उसने बिष्णु पुडेल को दहल को समझाने और अपने राजनीतिक दस्तावेज को वापस लेने के लिए भेजा था। सचिवालय की पिछली बैठक में दहल ने एक दस्तावेज पेश किया था, जहां उन्होंने ओली की गतिविधियों को अक्षम्य करार दिया था और फिर से उन्हें पद के लिए अनुपयुक्त करार देते हुए दोनों पदों से उनके इस्तीफे की मांग की थी।

### अमेरिका सैनिकों की संख्या करेगा आधी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि अफगानिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन 15 जनवरी तक अपने सैनिकों की संख्या लगभग आधी कर सकता है। यह संख्या 2,500 तक हो सकती है। ट्रंप का इस साल के अंत तक सभी सैनिकों को वापस बुलाने का लक्ष्य हालांकि फिर भी पूरा नहीं हो पाएगा। पेंटागन द्वारा इराक से भी अपने 500 से अधिक सैनिकों को वापस बुलाने और वहां भी अपने सैनिकों की संख्या 2,500 तक करने की संभावना है। यह सब ट्रंप के कार्यकाल के आखिरी कुछ सप्ताह में किया जाएगा। नाम उजागर ना करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान में अभी 4,500 से 5,000 और इराक में 3,000 से अधिक अमेरिकी सैनिका मौजूद हैकि हालांकि अभी तक उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन के सामने राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की है।

## नाबालिग से 48 साल के शख्स का जबरदस्ती कराया निकाह

▶ दुल्हन को अपनी उम्र के बच्चों का करना पड़ रहा है पालन

मनीला ■ एजेंसी

दक्षिण पूर्वी एशियाई देश फलीपीन्स में एक नाबालिग लड़की का 48 साल के शख्स से निकाह कर दिया गया। यह उस व्यक्ति की पांचवीं शादी थी और अब बच्ची को अपनी ही उम्र के बच्चों का पालन करना पड़ रहा है। मुस्लिम बहुल मगुइंदनाओ प्रांत में हुए निकाह के दौरान बड़ी संख्या में परिवार के सदस्य और मित्र शामिल हुए।

शादी के बाद नाबालिग दुल्हन को अपने पति के बच्चों का पालन करना पड़ रहा है जिसमें से कुछ बच्चे तो खुद उसी की उम्र के हैं। शादी के बाद दूल्हे अब्दुलरजाक अमपातुआन ने कहा कि मैं बीवी को पाकर बहुत खुश हूं और उनके साथ मिलकर बच्चों का पालन करूंगा। यह शादी दूल्हे के घर पर हुई जहां उसे सबसे पहले अच्छा पति बनने के उपदेश दिए गए। इसके बाद अब्दुलरजाक ढोल और नगाड़ों के साथ दुल्हन के घर पहुंचे। इसके बाद दोनों का निकाह हुआ और वहां मौजूद लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान जमकर जश्न भी हुआ। निकाह के बाद बच्ची ने कथित रूप से कहा, 'मैं उनसे (पति से) डर नहीं रही हूं क्योंकि वह मुझे पसंद हैं। मैं अब खाना बनाना सीख रही हूं क्योंकि अभी मैं यह काम अच्छे से नहीं कर पाती हूं। मैं अपने पति को खुश रखना चाहती हूं।' इस शादी के तीन सप्ताह बाद अब्दुलरजाक ने अपनी पत्नी के लिए एक छोटा सा घर बनाया है जहां दोनों लोग बच्चों के साथ रह रहे हैं। अब्दुलरजाक पेशे से किसान है और उसकी नई पत्नी अब घर का काम देख रही है। साथ ही साथ पहले की पत्नियों से हुए बच्चों की देखरेख कर रही है।

अब्दुलरजाक ने दावा किया कि जब तक उसकी नई बीबी 20 साल की नहीं हो जाती है, तब तक वह उसके साथ बच्चे पैदा नहीं करेगा। साथ ही अपनी नई पत्नी को पैसे देगा ताकि वह अपनी पढ़ाई कर सके। मुस्लिम बहुल इस इलाके में लड़के 15 साल की उम्र में शादी कर सकते हैं, वहीं लड़कियों की शादी जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही की जा सकती है।

## दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषण फैलाने वाले 16 शहर भारत-पाकिस्तान में : डब्ल्यूएचओ

**जेनेवा।** विश्व में प्रदूषण फैलाने वाले देशों में भारत और पाकिस्तान के डेढ़ दर्जन शहर शामिल है। यह खुलासा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने किया है। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में से 16 शहर भारत और पाकिस्तान में हैं। डब्ल्यूएचओ ने इस मौसम में वायु प्रदूषण बढ़ने के पीछे इन देशों में जलाए जाने वाले फसलों के अवशेष या पराली को भी प्रमुख कारण माना हैं। डब्ल्यूएचओ ने ग्लोबल पीएम 2.5 डेटाबेस को देखें तो भारत और पाकिस्तान में पराली जलाने की वजह से वायु प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। ब्रिटिश अखबार की प्रकाशित खबर के मुताबिक करीब 200 साल पहले बेंजामिन फ्रैंकलिन पहले ऐसे वैज्ञानिक थे जो वायुमंडल में चमकती हुई बिजली का अध्ययन करते थे। फिलहाल वायु प्रदूषण की वजह से बिजली के चमकने में भी बदलाव आया है। बिजली चमकने के व्यवहार में काफी अंतर देखा गया है। साल 1790 में हाइड पार्क में की गई स्टडी के मुताबिक लंदन में उस साल वायु प्रदूषण भारत के आधुनिक शहरों में हो रहे वायु प्रदूषण से आधा था।

## गृह मंत्रालय के अफसर ने राष्ट्रपति चुनाव को बताया सुरक्षित

# तो डोनाल्ड ट्रंप ने दिखाया बाहर का रास्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गृह मंत्रालय के उस शीर्ष अधिकारी को बर्खास्त कर दिया है, जिसने पिछले सप्ताह कहा था कि तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद का चुनाव अमेरिका के इतिहास में सबसे सुरक्षित चुनाव है। ट्रंप ने इन चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कई राज्यों में मुकदमे दर्ज कराए हैं, लेकिन वह अपने दावों को पुख्ता करने के लिए कोई सबूत मुहैया नहीं करा सके।



ट्रंप ने मंगलवार को ट्वीट किया कि उन्होंने गृह मंत्रालय में साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटीएजेंसी (सीआईएसए) के निदेशक क्रिस्टोफर क्रेब्स को बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने ट्वीट किया, 2020 चुनाव की सुरक्षा को लेकर क्रिस क्रेब्स का हालिया बयान बिल्कुल गलत है। चुनाव में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं और धोखाधड़ी हुई, मृत लोगों के मतों की गणना की गई, चुनाव प्रहरियों को मतदान केंद्रों में जाने की अनुमति नहीं दी गई, वोटिंग मशीन में खामियां थीं, जिसके कारण ट्रंप के लिए दिए गए मत (निर्वाचित राष्ट्रपति जो) बाइडन के खाते में चले गए। ट्रंप ने कहा, इसलिए क्रिस क्रेब्स को साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी के निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाता है। मुख्यधारा की मीडिया ने बाइडन को राष्ट्रपति पद के चुनाव का विजेता घोषित किया है, लेकिन ट्रंप ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और दावा किया है कि चुनाव में उनकी जीत हुई है। साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी समेत इलेक्शन इंफ्रास्ट्रक्चर गर्वनमेंट को ऑर्डिनेटिंग कौंसिल (जीसीसी) के सदस्यों ने 12 नवंबर को बयान जारी किया था कि तीन नवंबर को हुआ चुनाव अमेरिका के इतिहास में सबसे सुरक्षित चुनाव है। सीनेट साइबर सिक्योरिटी कॉकस के सह-अध्यक्ष एवं सांसद मार्क वार्नर और हाउस परमानेंट सेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंस के अध्यक्ष एवं सांसद एडम शिफ समेत कई सांसदों ने क्रेब्स को बर्खास्त किए जाने की निंदा की है।

---

तैयारी — स्थापित होगी दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति

# राम मंदिर की तर्ज पर हंपी में बनेगा हनुमान मंदिर

अयोध्या ■ एजेंसी

रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर कर्नाटक के हंपी शहर में हनुमान जी के भव्य मंदिर के निर्माण की तैयारी की जा रही है। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तर्ज पर ही हनुमत जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बनाया गया है। यही नहीं जिस तरह अयोध्या में भगवान राम की भव्य और सबसे ऊंची मूर्ति लगाई जाएगी, उसी तरह किष्किंधा यानि कर्नाटक के हंपी शहर में हनुमान जी की 215 फीट की भव्य और विशाल मूर्ति लगाने की तैयारी है। सब कुछ अयोध्या की तर्ज पर किया जा रहा है। हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से राम मंदिर निर्माण की तरफ से 100 फीट का एक रामलला के मंदिर में स्थापित करने के लिए टीक वुड से तैयार एक रथ दिया जाएगा, जो 2 साल में तैयार होगा। इसके निर्माण की लागत लगभग 2 करोड रुपए की लागत आएगी। किष्किंधा (जिसे आज कर्नाटक का हम्पी शहर कहा जाता है) तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित है। वाल्मीकि रामायण में इसे पहले बालि और उनके पश्चात सुग्रीव का राज्य बताया गया है। श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान का जन्म स्थान इसी क्षेत्र के पंपापुर किष्किंधा को माना जाता है। इसके लिए हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया गया है। यहीं पर दुनिया की सबसे ऊंची हनुमान जी की मूर्ति (जिसकी ऊंचाई 215 फीट बताई जा रही है) स्थापित की जाएगी। इस मूर्ति के निर्माण में लगभग 1200 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रथ यात्रा निकालकर हनुमान भक्तों से चंदा एकत्र करेगा। यानि अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तर्ज पर ही हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बनाया गया और अयोध्या में लगने वाली भव्य और विशाल राममूर्ति की तर्ज पर ही कर्नाटक के हम्पी शहर में हनुमान जी की सबसे बड़ी 215 फीट की मूर्ति लगाने की तैयारी है। हनुमान ट्रस्ट के अध्यक्ष और पदाधिकारी अयोध्या आए हुए हैं। हनुमान जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट (पंपा क्षेत्र) के अध्यक्ष स्वामी गोविंद आनंद सरस्वती ने बताया कि हनुमान जी की जन्म स्थली किष्किंधा में दुनिया में सबसे बड़ी 215 फीट की एक प्रतिमा तुंगभद्रा नदी के किनारे और हनुमान जी का 20 एकड़ में 100 करोड़ से भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उसका शिलान्यास हो गया है। संपूर्ण भारत देश में 12 वर्ष के लिए किष्किंधा रथ यात्रा निकल रही है। इसमें ठाकुर जी विराजमान होंगे। सीता, राम, लक्ष्मण, हनुमत समेत पंचधातु उत्सव मूर्तियां हैं।



## न्यूज. ब्रीफ

### धोनी को बरकरार नहीं रखे सीएसकेः आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन (बरकरार) नहीं रखना चाहिए। आकाश ने धोनी को रिटेन नहीं करने की सलाह का कारण भी बताया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अगर सीएसके धोनी को बरकरार रखता है, तो उन्हें 15 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने सलाह देते हुए कहा कि सीएसके को धोनी को फिर से पूल में भेजना चाहिए और इसके बाद टीम को राइट टू मैच कार्ड के जरिये धोनी को खरीदना चाहिए। ऐसा करने से सीएसके पैसे भी बचा सकती है और इससे एक अच्छी टीम भी बन सकती है। आकाश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर कहा, "मुझे लगता है कि सीएसके को धोनी को रिलीज कर देना चाहिए, जिससे वह मेगा ऑक्शन में आ सकें। अगर मेगा ऑक्शन होता है तो आप तीन साल तक उस खिलाड़ी के साथ रहेंगे, लेकिन क्या धोनी आपके साथ तीन साथ रह सकते हैं? मैं यह नहीं कर रहा कि धोनी को नहीं रखना चाहिए। वह अगला आईपीएल खेलेंगे, पर अगर आप उन्हें रिटेन खिलाड़ी की तरह रखते हैं तो आपको 15 करोड़ रुपये देने होंगे।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए कॉनवे न्यूजीलैंड टीम में शामिल

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने युवा बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। कॉनवे के साथ ही काइल जैमीसन को भी टीम में रखा गया है। इसके अलावा साउदी, जैमीसन और रॉस टेलर 27 नवंबर को ईडन पार्क में और 27 नवंबर को बे ओवल में होने वाले पहले दो टी 20 मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे हालांक 30 नवंबर को वह टेस्ट की तैयारी के लिए टीम से अलग रहेंगे। कोच गैरी स्टीड ने इसको लेकर कहा, सत्र का कार्यक्रम कठिन है और पहली बार जब हम एक दिन एक टेस्ट मैच की तैयारी कर रहे होंगे तो दूसरे शहर में हमारा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। हमारे पास अभी अलग अलग खिलाड़ी हैं। कुछ घरेलू क्रिकेट खेलकर आए है तो कुछ आईपीएल से। वहीं कुछेक चोटों से संघर्ष कर रहे हैं। टीम में ग्लेन फिलिप्स और हमीश बेनेट को भी रखा गया है। कॉनवे ने 70 ट्वंटी-20 मैचों में 2221 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 124 रहा है,इसके साथ ही दो शतक और 14 अर्धशतक भी उनके नाम हैं।

### परिवार सहित दुबई में छुट्टियां मना रहे धोनी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बल्लेबाज एमएस धोनी आजकल परिवार के साथ दुबई में सैर सपाटा कर रहे हैं। धोनी इस समय अपने परिवार के साथ यहां छुट्टियां मनाने आये है। धोनी की पत्नी साक्षी ने फ्लाइट और एयरपोर्ट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं हालांकि उन्होंने जगह के बारे में तो नहीं बताया, मगर तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि वो दुबई में हैं। साक्षी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस ट्रिप की तस्वीरें शेयर की, जिसमें वो और धोनी दोस्तों के साथ खाना खाते हुए और मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ धोनी की इस ट्रिप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई हैं।

### वेस्टइंडीज के बल्लेबाज पूरन की सगाई

क्राइस्टचर्च। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने लंबे रिलेशनशिप के बाद अपनी गर्लफ्रेंड कैथरीन मिगुल से सगाई की घोषणा की है। पूरन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी गर्लफ्रेंड को प्रपोज करते हुए घुटनों पर बैठकर अंगूठी पहनाने वाली एक रोमांटिक तस्वीर भी साझा की है। पूरन ने कैथरीन के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, भगवान ने हमें एक महान आशीर्वाद दिया है। मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि कैथरीन और मैंने सगाई कर ली है। पूरन के बाद कैथरीन ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दो तस्वीरें शेयर कीं और लिखा उन्होंने इस वक्त में सब कुछ सुंदर बनाया है। आपका मुझसे प्यार करना आशीर्वाद है, जिसके लिए मैं भगवान का हर दिन शुक्रिया अदा करती हूं। पूरन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए यूएई में थे। इस दौरान कैथरीन भी वहां थी और वह कई बार पूरन को चियर करते हुए नजर आयी थीं। पूरन आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब की ओर से खेलते हैं। वहीं पूरन अब वेस्टइंडीज टीम के साथ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड में है।



बेलेंसिया में स्पेन के जोएन मीर मोटो जीपी रेस में भाग लेते हुए।

## दबाव में आकर बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब ने मांगी माफी

कोलकाता ■ एजेंसी



बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कोलकाता में काली माता की पूजा करने के बाद माफी मांगी है। उन्होंने यूट्यूब पर अपने चैनल से पिछले सप्ताह पूजा करने को लेकर माफी मांगी है। बांग्लादेश के ही व्यक्ति ने उन्हें फेसबुक पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद से शाकिब दबाव में थे और उन्होंने मंगलवार को माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि ऐसा दोबारा नहीं होगा।

फिक्सिंग के कारण प्रतिबंध झेल चुके शाकिब पिछले सप्ताह गुरुवार को कोलकाता पहुंचे थे,जहां बेलीघाट में उन्होंने मां काली की पूजा की थी। शाकिब के बांग्लादेश लौटने के बाद सिलहट शहर के मोहसिन तालुकदार ने फेसबुक लाइव में कहा कि इस क्रिकेटर ने मुस्लिमों का अपमान किया।उन्होंने कहा कि अगर शाकिब को मारने के लिए उसे सिलहट से ढाका आना पड़े,तब वह आएगा। शाकिब ने वीडियो में कहा, मैं फिर से उस जगह (कोलकाता) नहीं जाना चाहूंगा। यदि आपको लगता है, कि यह आपके खिलाफ है,तब मैं माफी मांगता हूं। मैं कोशिश करूंगा कि यह दोबारा नहीं हो। एक जागरुक मुस्लिम होने के नाते मैं ऐसा नहीं करूंगा। अगर मुझसे कोई गलती हुई, तो उसके लिए माफी मांगता हूं।

भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे में कोरोना संक्रमण की छाया

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एयरलिफ्ट कर सिडनी शिफ्ट किए गए, ताकि सीरीज खराब न हो

सिडनी ■ एजेंसी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को अपने खिलाड़ियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया है। उअ ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में शामिल खिलाड़ियों को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया और क्वींसलैंड से निकालकर न्यू साउथ वेल्स (सिडनी) शिफ्ट कर दिया। सीए ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि ये फैसला भारत के खिलाफ सीरीज में किसी भी तरह की रुकावट को दूर करने के लिए लिया गया।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन, मैथ्यू वेड, मार्नस लाबुशेन, जो बर्न्स, माइकल नेसेर, मिशेल स्वेप्सन, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड और केन रिचर्डसन जैसे खिलाड़ियों को एयरलिफ्ट किया गया। इन सभी खिलाड़ियों को न्यू साउथ वेल्स शिफ्ट किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कॉफ्स हार्बर शिफ्ट किया गया

साउथ ऑस्ट्रेलिया में कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया और क्वींसलैंड ने सोमवार को अपने-अपने बॉर्डर सील कर दिए थे। सीए ने बिग बैश लीग की टीम एडिलेड स्ट्राइकर्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया समेत कई टीमों के प्लेयर्स को भी न्यू साउथ वेल्स स्थित कॉफ्स हार्बर में शिफ्ट किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ निक हॉक्ले ने कहा, 'हमने प्रो-एक्टिव अप्रोच लेते हुए 24 घंटे में कई लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया है। हम नहीं चाहते कि हमारे घरेलू और इंटरनेशनल शेड्यूल डिस्टर्ब हो। मैं खिलाड़ियों और स्टाफ को मौजूदा हालात को समझने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट को सफल बनाने में योगदान के लिए उनका शुक्रिया।' निक ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेने के लिए भी धन्यवाद दिया। उअ ने यह भी पुष्टि की है कि पिछले हफ्ते एडिलेड में शेफिल्ड शील्ड के दौरान किसी भी डोमेस्टिक प्लेयर ने साउथ ऑस्ट्रेलियन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहचाने गए हॉट स्पॉट का दौरा नहीं किया। हालांकि, बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों से कोविड टेस्ट कराने के निर्देश भी दिए हैं।



### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया डे-नाइट टेस्ट कराने को लेकर प्रतिबद्ध

इससे पहले बोर्ड ने कहा था कि वे एडिलेड में भारत के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट मैच कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। 17 दिसंबर को होने वाला ये मैच भारत का दूसरा डे-नाइट टेस्ट मैच होगा। उअ ने कहा था कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उम्मीद करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया एक सुरक्षित सीरीज की मेजबानी करेगा। एडिलेड में कोरोना की वजह से वेस्ट ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया और नॉर्दर्न टेरिटरी जैसे कई राज्यों ने अपनी-अपनी सीमाओं को सील कर दिया। साथ ही सोमवार से एडिलेड से आने वाले सभी लोगों को 14 दिन के लिए क्वारैंटाइन करने का भी आदेश जारी किया था। एडिलेड में रविवार को कोरोना के 4 मामले सामने आए थे। वहीं, सोमवार को ये आंकड़ा बढ़कर 17 तक पहुंच गया था। जबकि, मंगलवार को सिर्फ 5 मामले सामने आए।

ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा-

## कोहली की गैरमौजूदगी रोहित के लिए बड़ा मौका



सिडनी ■ एजेंसी

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंच चुकी है। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली एक टेस्ट के बाद पैटरनिटी लीव पर चले जाएंगे। वहीं, रोहित वनडे और टी-20 को छोड़कर टेस्ट सीरीज खेलने के लिए पहुंचेंगे। इसको लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा कि कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित के पास खुद को साबित करने के लिए बड़ा मौका रहेगा। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3-3 वनडे और टी-20 की सीरीज खेलना है। 27 नवंबर से वनडे और 4 दिसंबर से टी-20 सीरीज होनी है। इसके बाद 17 दिसंबर को 4 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। कोहली के पैटरनिटी लीव पर जाने को लेकर मैक्ग्रा ने कहा- उन जैसे क्वालिटी और क्लास प्लेयर के हटने से भारतीय टीम को बड़ा नुकसान होगा। वे मैदान पर दोहरी भूमिका निभाते हैं। एक बल्लेबाज और दूसरे कप्तान के तौर पर मैदान पर ऊर्जा बनाए रखते हैं। स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर की वापसी से ऑस्ट्रेलिया मजबूत हुई है। ऐसे में हिसाब बराबर करने का मौका है।

## सचिन ने लारा-गेल का गिफ्ट शेयर किया, युवराज बोले- आप हमारे दिल से रिटायर नहीं होंगे

मुंबई ■ एजेंसी

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सचिन तेंदुलकर के संन्यास का आखिरी दिन को याद किया। युवी ने कहा कि आप क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं, लेकिन हमारे दिल से कभी रिटायर नहीं होंगे। सचिन ने 16 नवंबर 2013 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। दरअसल, सचिन ने एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे एक स्टील के ड्रम के साथ नजर आ रहे हैं। सचिन ने बताया कि यह उनके संन्यास के आखिरी दिन वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और क्रिस गेल ने गिफ्ट दिया था।



### आइकॉनिक डे कोई नहीं भूल सकता

युवराज ने इसी पर रिट्वीट किया- यह आइकॉनिक डे कोई नहीं भूल सकता। आप मैदान से जरूर रिटायर हो सकते हैं, लेकिन आप हमारे दिल से कभी रिटायर नहीं होंगे। आप हमेशा महान मास्टर ब्लास्टर रहेंगे।

### सचिन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी मैच खेला था

सचिन ने 200वां टेस्ट खेलने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने आखिरी मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई के घरेलू मैदान पर ही खेला था। इस मैच में उन्होंने 74 रन की पारी खेली थी। सचिन ने आखिरी बार 2011 वनडे वर्ल्ड खेला था। इसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरी बार खिताब जीता था।

## फाइनेंशियल इनोवेशन में बड़ा कदमः इंफोसिस के पूर्व सह संस्थापक कृष गोपालकृष्णन आरबीआई इनोवेशन हब के पहले चेयरमैन बने

- यह हब फाइनेंशियल सेक्टर के संस्थानों के साथ कोलैबरेट करेगा
- इसे आईटी इंडस्ट्री और शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी जोड़ा जाएगा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



सेनापति (कृष) गोपालकृष्णन भारतीय रिजर्व बैंक के इनोवेशन हब के पहले चेयरमैन बने हैं। कृष आईटी कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक हैं। गोपालकृष्णन फिलहाल स्टार्टअप विलेज के चीफ मेंटर हैं। अगस्त में आरबीआई ने आरबीआई इनोवेशन हब की स्थापना की थी। आईटी का फायदा उठाकर इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। आरबीआई ने इस इनोवेशन हब की स्थापना इसलिए की थी ताकि टेक्नोलॉजी का फायदा उठाते हुए पूरे फाइनेंशियल सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही इसके जरिए ऐसा एक माहौल बनाया जाए जिससे इनोवेशन को तेजी दी जा सके। फ्बक ने एक बयान में कृष की नियुक्ति की जानकारी दी है। आरबीआईएस एक इको-सिस्टम का निर्माण करेगा जो फाइनेंशियल सर्विसेस और प्रोडक्ट को बढ़ाने पर फोकस करेगा। यह फाइनेंशियल इंक्लूजन को भी बढ़ाने में मदद करेगा। यह हब फाइनेंशियल सेक्टर के संस्थानों के साथ कोलैबरेट करेगा। इसके साथ ही इसे आईटी इंडस्ट्री और शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी जोड़ा जाएगा। यह विचारों का आदान प्रदान करेगा। फाइनेंशियल इनोवेशन में यह इसी तरह से एक परिवर्तन की दिशा में काम करेगा। फिनटेक रिसर्च को बढ़ाने के लिए आंतरिक स्तर पर एक इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप किया जाएगा। इनोवेटर्स और स्टार्टअप के साथ एंगेजमेंट के लिए यह एक आसान काम करेगा। दरअसल भारत की आबादी भले ही 130 करोड़ है, लेकिन वित्तीय साक्षरता अभी काफी कम है।

### जनधन जैसी योजनाओं से बढ़ी फाइनेंशियल साक्षरता

हालांकि हाल के सालों में जनधन योजना जैसी तमाम सरकारी स्कीम के कारण बैंक खातों में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इस तरह से आरबीआई नए इनोवेशन हब के जरिए शैक्षणिक, आईटी और अन्य संस्थानों के साथ मिलकर एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण कर रहा है जो दूर दराज तक वित्तीय साक्षरता को फैलाने में मदद करे।

### देश में काफी कम निवेशक

इतनी बड़ी आबादी के बाद भी देश में इक्विटी में केवल 5.68 करोड़ निवेशक है जबकि म्यूचुअल फंड में 9 करोड़ के करीब फोलियो है। बीमा सेक्टर में भी कुछ इसी तरह का हाल है। भारत में फाइनेंशियल साक्षरता की दर अभी भी महज 4-5 पर्सेंट की है। ऐसे में आरबीआई का यह कदम काफी अच्छा माना जा रहा है।

## फ्लिपकार्ट ने बेंगलुरु की ऑग्मेंटेड रियलिटी कंपनी स्कैपिक का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

बॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने बेंगलुरु की ऑग्मेंटेड रियलिटी कंपनी स्कैपिक का अधिग्रहण कर लिया है। इस कदम से ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट अपने मंच पर शॉपिंग अनुभव क्षमता का विस्तार कर पाएगी। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को बयान में कहा कि स्कैपिक में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के साथ अनुभवी डेवलपर्स और डिजाइनरों की टीम प्रतिभाशाली टीम भी उसके साथ जुड़ेगी। बयान में कहा गया है कि यह टीम कैमरा अनुभव और वर्चुअल स्टोर के अनुभव को बेहतर करने के लिए काम करेगी। साथ ही इससे उसके मंच पर ब्रैंड के विज्ञापनों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। बयान में कहा गया है कि महामारी की वजह से उपभोक्ताओं के व्यवहार में काफी बदलाव आया है। ऐसे में फ्लिपकार्ट निवेश के जरिये उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। कंपनी अपनी प्रौद्योगिकी क्षमता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है।




## कोरोना इफेक्टः मोबाइल डेटा के मामले में ग्रामीण भारत ने शहरी लोगों से मारी बाजी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

कोरोना महामारी क्या आई ग्रामीण भारत इंटरनेट के मामले कुछ ज्यादा अपडेट हो गया है। यूं तो मोबाइल डेटा इस्तेमाल के मामले में अरबन इंडिया यानी शहरी भारत हमेशा से ही रूरल इंडिया यानी ग्रामीण भारत से आगे रहा है, लेकिन इस बार ग्रामीण भारत ने बाजी मार ली है। इंडस्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञों के अनुसार कोविड-19 की वजह से लॉकडाउन के चलते बहुत सारे प्रवासी मजदूर अपने गांव लौट गए और वहां पर अपने मोबाइल का इंटरनेट इस्तेमाल किया। इसकी वजह से ग्रामीण भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। करीब 60-70 फीसदी प्रवासी मजदूर अपने गांव वापस लौट गए। इसकी वजह से अप्रैल से सितंबर के दौरान मोबाइल डेटा का इस्तेमाल करीब 30 फीसदी बढ़ गया। वहीं अगर शहरी आबादी की बात करें तो शहरों में अप्रैल से सितंबर के बीच 15-20 फीसदी मोबाइल डेटा का इस्तेमाल हुआ। इसे रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के तमाम ऑफर से और बल मिला और डेटा का इस्तेमाल बढ़ा।



लॉकडान के बाद ग्रामीण भारत में वायरलेस ब्रॉडबैंड की उपलब्धता भी बढ़ी है। इस वजह से ग्रामीण भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ गया। फिलहाल अगर कुल मोबाइल डेटा की बात करें तो ग्रामीण भारत के लोग 45 फीसदी मोबाइल डेटा इस्तेमाल करते हैं, जबकि बाकी का 55 फीसदी मोबाइल डेटा शहरों में इस्तेमाल होता है।

शिक्षा पर चोट — अमेरिका की यूनिवर्सिटी में पिछले 70 सालों के इतिहास में यह तीसरी सबसे बड़ी गिरावट है

## ट्रम्प प्रशासन की नीतियों का असरः अमेरिकी यूनिर्वसिटी में विदेशी छात्रों की घटती जा रही है संख्या, 16 साल में सबसे कम एनरॉलमेंट

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

अमेरिकी यूनिर्वसिटी में पिछले 16 साल में सबसे कम अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने एनरोलमेंट कराया है। हालांकि एनरोलमेंट की यह तादाद कोरोना महामारी के पहले की है। इससे यह पता चलता है कि ट्रम्प प्रशासन की आव्रजन नीतियों ने अमेरिकी उच्च शिक्षा को किस तरह से चोट पहुंचाई है। गैर-लाभकारी संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन द्वारा जारी ओपन डोर्स की रिपोर्ट के अनुसार, 2019-20 के शैक्षणिक वर्ष में विदेशी छात्रों के अटेंडेंस में 1.8% की गिरावट आई है। 70 साल के इतिहास में यह तीसरी सबसे बड़ी गिरावट है। सैनफ्रांसिस्को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डोनाल्ड हेलर ने कहा कि यह काफी हद तक ट्रम्प सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से हुआ है। यह गिरावट चालू शैक्षणिक वर्ष में बहुत बड़ी है। क्योंकि महामारी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने और वीजा जारी करने में काफी कड़ाई बरती जा रही है। नेशनल क्लियरिंग हाउस रिसर्च सेंटर के इस महीने के आंकड़ों में ग्रैजुएट और अन्डर ग्रैजुएट में नामांकन में सेमेस्टर के लिए क्रमशः 15% और 7.8% की गिरावट आई है।




### ट्रम्प की उम्मीदवारी के बाद से ही चिंता शुरू हो गई थी

कॉलेजों ने ट्रम्प की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के बाद अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश के बारे में चिंता व्यक्त की थी। कहा था कि विदेशी छात्र अमेरिकी स्कूलों में भाग लेने के लिए काफी हतोत्साहित हुए हैं, जिसे हायर एजुकेशन के प्लैटिनम स्टैन्डर्ड के रूप में देखा जाता है। अमेरिकी सरकार और प्रशासन की नीतियां छात्रों को अन्य देशों में जाने पर विचार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने किया चलित खाद्य प्रयोगशाला का निरीक्षण






## मौके पर ही मिलावट की जाँच के लिये ग्वालियर आई है चलित खाद्य प्रयोगशाला

**ग्वालियर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के मकसद से प्रदेश सरकार द्वारा ÷मिलावट से मुक्ति÷ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर जिले में खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जाँच कराई जा रही है। इस कड़ी में ग्वालियर संभाग के लिये भेजी गई चलित खाद्य प्रयोगशाला का संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को मोतीमहल परिसर में निरीक्षण किया।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि खाद्य प्रयोगशाला संभाग के छोटे-छोटे कस्बों में भी पहुँचे। साथ ही इस चलित प्रयोगशाला में उपलब्ध जाँच की सुविधाओं के प्रचार के लिये फ्लैक्स भी लगाएँ, जिससे लोग स्वतः ही खाद्य पदार्थों की जाँच के लिये आगे आ सकें। उन्होंने कहा खासतौर पर यह जानकारी लोगों को बताई जाए कि चलित खाद्य प्रयोगशाला में कौन-कौन से खाद्य पदार्थों की जाँच मौके पर ही कराई जा सकती है। संभाग आयुक्त ने ग्वालियर संभाग के सभी जिलों के लिये चलित प्रयोगशाला का तिथिवार भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश संभागीय उप आयुक्त राजस्व श्री आर पी भारती एवं संभागीय संयुक्त संचालक लोक स्वास्थ्य को दिए। ज्ञात हो खाद्य पदार्थों की जाँच से संबंधित अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त एक वाहन पर चलित खाद्य प्रयोगशाला बनाई गई है। जिसमें टेक्नीशियन एवं खाद्य व औषधीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न बाजारों में पहुँचकर दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ, मसाले, तेल, नमकीन सहित किराना की अन्य सामग्री की मौके पर ही जाँच की जा रही है। साथ ही इच्छुक लोग मात्र 10 रूपए शुल्क अदा कर अपने खाद्य पदार्थों की जाँच करा सकते हैं। ग्वालियर आई इस चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मौके पर जाकर अब तक 154 नमूनों की जाँच की जा चुकी है।

## श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला लगाया जाएः एमपीसीसीआई

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमएसएमई मंत्री-श्री ओमप्रकाश सकलेचा, ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद-श्री विवेक नारायण शेजवलकर को लिखा पत्र ग्वालियर 18 नवम्बर7 श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला को शीघ्रातिशीघ्र लगाये जाने हेतु म.प्र. चेम्बर ऑफ कॅामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई ) द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमएसएमई मंत्री-श्री ओमप्रकाश सकलेचा, ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद-श्री विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित किया गया है। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला, सिंधिया राजवंश द्वारा 114 वर्ष पुराना व्यापार मेला है जो प्रतिवर्ष दिसंबर माह से प्रारंभ होकर फरवरी माह तक चलता है7 जिसके अंदर लगभग 2500 छोटे-बड़े कारोबारी भाग लेते हैं और ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ-साथ म.प्र. के दूरस्थ क्षेत्रों के लोग इसे देखने आते हैं । मेले की भव्यता एवं गरिमा को बनाये रखने के लिए म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2019 में ग्वालियर व्यापार मेला में बिकने वाले वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट भी दी थी7 जिसकी वजह से 1100 करोड़ रूपये का कारोबार व्यापार मेला में हुआ था7 इस मेले की तैयारियां माह अगस्त से ही प्रारंभ हो जाती हैं क्योंकि मेले में होने वाले कार्यों के लिए टेण्डर आदि होते हैं7 वर्तमान में मार्च 2019 से मेले का संचालक मण्डल भंग पड़ा हुआ है, जिसकी वजह से यह सारे निर्णय नहीं लिये जा पा रहे हैं जबकि हजारों व्यापारियों का रोजगार सिर्फ मेले के ऊपर ही निर्भर रहता है7 यह बात भी ठीक है कि कोरोना काल होने की वजह से बहुत भीड़ होने से बचाव के उपाय भी होने चाहिए जिससे लोगों की जान की रक्षा हो सके7 इसके हल भी इसमें शामिल होना चाहिए। एमपीसीसीआई ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि एक उचित निर्णय मध्यप्रदेश शासन द्वारा शीघ्रातिशीघ्र लिया जावे ताकि हजारों लोगों के रोजगार का साधन श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला अपनी पूर्ण गरिमा के साथ लगाया जा सके।

# धनतेरस पर मातृशक्ति समीक्षा गुप्ता व नम्रता सक्सेना व वन्दना प्रेमी का सम्मान

भारत विकास परिषद शाखा समर्पण द्वारा धनतेरस के उपलक्ष में आज मातृशक्ति का सम्मान किया गया। रास्ट्र गान प्रभारी गिरीश अग्रवाल जी ने अपने सम्बोधन में बताया कि आज सम्मानित होने वाली पूर्व महापौर समीक्षा जी समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवायें देकर कोरोना वोरियर्स के रूप में भी बहुत ही अच्छा कार्य कर रही हैं, व नम्रता सक्सेना जी पिछले 12 वर्ष से स्ट्रीट एनिमल की सेवा कर रहीं हैं घायल डॉग्स का इलाज करने व उनके रहने की व्यवस्था लगातार कर रहीं हैं।आज के शुभ दिन मातृशक्ति वन्दना भूपेंद्र प्रेमी जी जो बेटी है तो कल की अध्यक्ष हैं का कोरोना वोरियर्स के रूप में सम्मान करने सौभाग्य प्राप्त हुआ, व भूपेंद्र प्रेमी जी का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर दो बालिकाओं को बेग व किताबों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थापक व प्रान्तीय संघठन मंत्री संजय धवन, अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, सचिव प्रदीप लक्षणे, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शिवहरे,सहसचिव महेश धीमान, सतीश राजोरिया, बसन्त कोडेला,बी के मिश्रा, महेश अग्रवाल, नमन गान्धी कमल गुप्ता व मातृशक्ति के रूप में श्रीमती मधु धवन, मधु धीमान, विम्मी सचदेवा,मानसी सचदेवा व कनिष्का धीमान शशि अग्रवाल व पुष्पा प्रजापति शशि लक्षणे जीविशेष रूप से उपस्थित थी। प्रतिदिन होने वाले 2 मिनिट रास्ट्र के नाम कार्यक्रम की सम्मानित होने वाले सभी के द्वारा शाखा समर्पण की भूरी भूरी प्रंशसा की गई व शाखा समर्पण के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी का सम्मान फूलमालाओं के द्वारा व स्मृतिचिन्ह देकर किया गया,साथ ही सभी सम्मानित होने वालों को नीम का एक एक पौधा भी भेंट कर पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ाया है।आज गरीब बस्ती में जाकर खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष व राष्ट्रगान प्रभारी गिरीश अग्रवाल जी के द्वारा व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष गुलाब प्रजापति जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजय धवन जी ने संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रदीप लक्षणे जी के द्वारा दी गयी है।



## ग्रामीण क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर को भी प्रमुखता से आर्थिक सहायता मुहैया कराएँ - श्री सक्सेना

### संभाग आयुक्त ने की ऑनलाइन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**ग्वालियर।** ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत तत्परता से आर्थिक सहायता मुहैया कराएँ। विशेष शिविर आयोजित कर एक हफ्ते में इस योजना के तहत लक्ष्य पूरे करें। शिविरों का आयोजन कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए किया जाए। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायतों व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। ऑनलाइन समीक्षा बैठक में संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने लेबर बजट के अनुसार महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जरूरतमंदों को रोजगार दिलाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा लेबर बजट की पूर्ति की जानकारी सभी जनपद पंचायतें प्रतिदिन ईमेल से भेजें। उन्होंने जरूरतमंद युवाओं को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिये रोजगार मेले आयोजित करने के निर्देश भी सभी जिला पंचायतों के अधिकारियों को दिए। श्री सक्सेना ने 15 दिन में कम्पलीट रोजगार प्लान भेजने की हिदायत भी दी। बैठक में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश डे - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, गौशाला का निर्माण एवं संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंच परमेश्वर योजना, सिंचाई जलाशयों को पट्टे पर दिए जाने की कार्रवाई, स्वच्छ भारत मिशन, ईओएल सर्वे, लंबित शिकायतें, सीएम हैल्पलाइन सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा भी बैठक में की गई।



## 3 दिन पहले लगा था जाम

ग्वालियर जोरासी घाटी की बड़ी कहानी 3 दिन से लगातार हो रहे हादसे 3 दिन पहले लगा था जाम 30 घंटे तक फंसे रहे लोग आज फिर चने से भरा हुआ ट्रक फिर पलट गया जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को करना पड़ रहा है मुसीबत का सामना पिछले 3 दिन से एनएचएआई का कोई ध्यान नहीं ग्वालियर टू झांसी बीच दतिया एनएचएआई ऑफिस जहां पर जाकर वहां पर मौजूद अधिकारी गुरदेव सिंह रंधावा से बात की इस विषय में तो पल्ला झाड़ते हुए नजर आए कहने लगे मैं एनएच ए आई से नहीं हूं फिर हमने पूछा कि यहां का मैनेजर कौन है वह कहने लगे यहां पर मैनेजर कोई नहीं है आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन आए दिन हो रहे हादसे इसका जिम्मेदार कौन है एक्सीडेंट होने पर एंबुलेंस पैरामेडिकल के साथ समय से उपलब्ध ना होना लोगों की जान को रहता है खतरा आखिरकार इनको यहां पर किस जिम्मेदारी को लेकर नियुक्त किया गया अगर किया गया तो जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा रहे आखिरकार 24 घंटे पेट्रोलिंग गाड़ी हाईवे पर क्यों नहीं घूमती हाईवे पर लावारिस मरे हुए जानवर पड़े रहते हैं जिसके कारण बड़े बड़े हादसे होने के चांस रहते हैं

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर उत्कृष्ट पंचायतों को पुरस्कृत किया जायेगा

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल 2021 के अवसर पर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायतों को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जाना है। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा उक्त पुरस्कारों के लिए उक्त तीन स्तरों की पंचायतों से विभिन्न श्रेणियों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए है। संचालक पंचायती राज श्री बी.एस.जामोद ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में 24 अप्रैल को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को पुरस्कृत किया जाता है। इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से अग्रेषित किये जा सकते है। नामांकन निर्धारित ऑनलाईन प्रपत्र में निम्नांकित श्रेणियों के लिए किए जा सकेंगे। यह मूल्यांकन वर्ष 2019-20 के आधार पर होगा।

**इस वर्ष जो पुरस्कार दिया जाना है उनमें**-1. दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार सामान्य और विषयात्मक श्रेणी के लिए तीनों स्तर की पंचायतों को।

2. नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार- ग्राम पंचायतों को ग्रामसभा के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए।
3. ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार- ग्राम पंचायतों को।
4. बाल हितेषी ग्राम पंचायत पुरस्कार- ग्राम पंचायतों को।

जिला पंचायत को प्रमाण पत्र के साथ 50 लाख रूपये की राशि, जनपद पंचायत को प्रमाण पत्र के साथ 25 लाख रूपये की राशि, ग्राम पंचायतों को उनकी जनसंख्या के अनुसार प्रमाण पत्र के साथ 5 लाख रूपये से 15 लाख रूपये तक की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है।

# मध्यप्रदेश में गौ-केबिनेट के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय, 22 नवम्बर को प्रथम बैठक

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में गौधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौ-केबिनेट के गठन का निर्णय लिया है। इस केबिनेट में पशुपालन, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, गृह और कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग को शामिल किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि गौ-केबिनेट की प्रथम बैठक गोपाष्टमी के दिन 22 नवम्बर को आगर-मालवा में गौ अभ्यारण में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए एकीकृत समेकित कृषि के महत्व को रेखांकित किया है। कृषि में खाद्यान्न के उत्पादन और कृषकों को फसलों का उचित मूल्य दिलाने के साथ गौ पालन की अहम भूमिका है। कृषि कार्य में संलग्न कृषकों को पशुपालन के लिए काफी समय मिलता है। गौ पालन की दिक्कतें दूर होंगी और इसे आर्थिक रूप से उपयोगी बनाने की दिशा में योजनाओं और कार्यक्रमों को गति मिलेगी। साथ ही गौधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए उपायों को अपनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ही कृषि केबिनेट का गठन किया था। इस केबिनेट के निर्णयों पर अमल हुआ। कृषि क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के साथ किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिला। उन्हें आर्थिक रूप से काफी फायदा हुआ। ठीक इसी तरह गौ-केबिनेट के गठन से गौ-सेवकों, पशु पालकों और किसानों को फायदा होगा। मध्यप्रदेश में गौ-केबिनेट के गठन से पशुपालक, गौ-सेवकों, कृषकों और खेतिहर श्रमिकों के आर्थिक कल्याण की संभावनाएं बढ़ेंगी। भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का प्रमुख स्थान है। आज भी लाखों परिवार घर में बनी पहली रोटी गौ माता को खिलाते हैं। गौ-माता के दूध से निर्मित घी का पूजा अनुष्ठान में विशेष महत्व है। मध्यप्रदेश सरकार ने गौ- शालाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएं हैं।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों से कृषि केबिनेट के मिले थे अनेक लाभ, अब गौ पालकों के आर्थिक उत्थान का कदम

गौ-अभ्यारण मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गौ-केबिनेट के लिए आगर-मालवा जिले में स्थित गौ-अभ्यारण का चयन किया है। यह भारत में प्रारंभ होने वाला प्रथम गौ-अभ्यारण था। यह प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोपाष्टमी गौ-अभ्यारण में मनाने की घोषणा की थी। मध्यप्रदेश में गौ-सेवकों को गौ-शालाओं के संचालन के लिए सहायता दी गई। अशक्त और अस्वस्थ गायों के लिए उपचार और पोषण की व्यवस्थाएं भी की गईं। गौ-सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर गौ- शालाओं के विकास के लिए सहयोग किया गया।

छह विभाग करेंगे क्रियान्वयन, समन्वय से होगा कार्य

मध्यप्रदेश में छह विभाग मुख्य रूप से गौ-केबिनेट निर्णयों के क्रियान्वयन को अंजाम देंगे। गाय के गोबर के कंडों का उपयोग भी किस तरह बढ़े, इस दिशा में कार्य योजना को लागू किया जाएगा। छह विभागों की सक्रियता से क्रियान्वयन के स्तर पर कठिनाई नहीं होगी। समन्वय से कार्य पूरे किए जाएंगे। वर्तमान में गौ-काष्ठ के निर्माण को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस उत्पाद के विपणन के नये आयामों पर विचार किया जाएगा। इसी तरह गौ-दुग्ध से निर्मित अन्य वस्तुओं के विपणन के लिए भी प्रयास होंगे।

## केन्द्रीय जेल में निरूद्ध बंदी की मृत्यु के कारणों की जाँच

**ग्वालियर।** केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी कामता उर्फ कमलकांत पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 20 वर्ष निवासी गाजीगढ़ जिला शिवपुरी की दिनांक 12.10.2020 को प्रातः 6.45 बजे मृत्यु हुई। बंदी की हुई मृत्यु के कारणों की जाँच, जाँच अधिकारी जेएमएफसी ग्वालियर श्री सचिन जैन द्वारा की जा रही है। जाँच अधिकारी श्री सचिन जैन ने सूचित किया है कि उक्त मृत्यु घटना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र/साक्ष्य प्रस्तुत करना है तो वह आगामी पेशी दिनांक 20.11.2020 तक जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर में जाँच अधिकारी जेएमएफसी श्री सचिन जैन के समक्ष प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।










स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478